दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली बुधवार 10 जून - 2026 ● वर्ष : 11 अंक : 167 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





## यूपी के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचेगी हाईस्पीड इंटरनेट सेवा, सीएम योगी ने लॉन्च किया 'प्रोजेक्ट गंगा'




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से अगले तीन वर्षों में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हाईस्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोगों ने 2025-26 के बजट में घोषणा की थी कि प्रदेश सरकार डिजिटल सशक्तिकरण की दृष्टि से प्रदेश के अंदर आठ हजार डिजिटल इंटरप्रेन्योर को आगे बढ़ाएगी जिसमें 50 फीसदी महिलाएं होंगी। मुझे लगता है कि प्रोजेक्ट गंगा उसका माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि ब्राडबैंड सुविधा आज की बड़ी आवश्यकता है। इंटरनेट की स्पीड जितनी तेज होगी विकास की गति भी उतनी ही तेज होगी और लोगों के जीवन में भी उतना व्यापक परिवर्तन होता दिखेगा।

इस प्रोजेक्ट का नाम गंगा है। मतलब गवर्नमेंट एसिस्टेंट नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट। मां गंगा ने उत्तर भारत को दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि प्रदान की है जिससे कि दुनिया भर का पेट भरने के लिए खाद्यान्न उत्पन्न होता है। मां गंगा भारत की एकात्मता और आत्मनिर्भरता का आधार हैं। इसी तरह यह प्रोजेक्ट भी आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करेगा। दावा किया जा रहा है कि प्रोजेक्ट गंगा से प्रदेश के 20 लाख घरों में हाईस्पीड इंटरनेट सेवा पहुंचेगी और इससे परियोजना से बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होंगे।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की समीक्षा बैठक

### 35 में से 22 मामलों का हुआ निस्तारण, घरेलू हिंसा व कार्यस्थल सुरक्षा को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**मीटिंग**

**डासना जेल का निरीक्षण, महिला अपराधों की जांच और संवेदनशील पुलिसिंग पर मंथन**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को गाजियाबाद दौरे के दौरान महिला सुरक्षा, अपराध जांच और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने सबसे पहले डासना जिला कारागार का निरीक्षण किया, इसके बाद रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित क्षमता विकास कार्यक्रम में भाग लिया तथा विकास भवन में महिला जनसुनवाई की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न मामलों की सुनवाई की। दौरे के दौरान महिला अपराधों की प्रभावी जांच, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित और परिणामोन्मुखी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




### महिला अपराधों की जांच और जेंडर सेंसिटिव पुलिसिंग पर विशेष कार्यक्रम





करंट क्राइम। डासना जेल निरीक्षण के बाद रिजर्व पुलिस लाइंस, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में Gender Sensitive Policing and Effective Investigation of Crime Against Women विषय पर विशेष क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय महिला आयोग, वूमेन एंड चाइल्ड केयर ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूसीएसओ), उत्तर प्रदेश पुलिस तथा गाजियाबाद पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को महिला अपराधों की संवेदनशीलता को बेहतर ढंग से समझाना, विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने महिला अपराधों की जांच से जुड़े कानूनी, तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक डब्ल्यूसीएसओ सुभाष चंद्र दुबे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था एवं यातायात) राजकरन नैय्यर, अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध सलोनी अग्रवाल सहित प्रदेश के 19 जनपदों से आए पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महिला अपराधों की जांच में संवेदनशील दृष्टिकोण, समयबद्ध कार्रवाई और साक्ष्य आधारित विवेचना की आवश्यकता पर बल दिया।

### जनसुनवाई में महिलाओं की शिकायतों पर हुई सीधी सुनवाई



कार्यक्रम के बाद विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित की गई। इससे पूर्व पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांडड़ ने आयोग अध्यक्ष का स्वागत किया। जनसुनवाई में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों और शिकायतों की समीक्षा की गई। कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई हुई, जिनमें से 22 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों और संस्थाओं को हस्तांतरित किया गया।

**घरेलू हिंसा पर समन्वित कार्रवाई के निर्देश :** वन स्टॉप सेंटर, पुलिस और डीएलएसए को मिलकर काम करने पर जोर दिया गया।

**आईसीसी की संख्या बढ़ाने पर बल :** स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक संस्थानों में आंतरिक शिकायत समितियां गठित करने के निर्देश दिए गए।

**घरेलू हिंसा के मामलों में संयुक्त प्रयासों पर जोर**

जनसुनवाई के दौरान आयोग अध्यक्ष ने घरेलू हिंसा के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एजेंसियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर, पुलिस प्रशासन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित होने से पीड़ित महिलाओं को समय पर सहायता और कानूनी संरक्षण मिल सकेगा तथा ऐसे मामलों में कमी लाने में मदद मिलेगी।

### कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए आईसीसी बढ़ाने की जरूरत

करंट क्राइम। विजया रहाटकर ने कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी) की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक संस्थानों में आईसीसी गठित करने के निर्देश दिए, ताकि महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने और न्याय प्राप्त करने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध हो सके।

### महिला सुरक्षा को लेकर जवाबदेही और संवेदनशीलता बढ़ाने पर जोर

करंट क्राइम। बैठक और जनसुनवाई के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, पारदर्शी जांच प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि महिला सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और अन्य संस्थाओं को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। कार्यक्रम एवं जनसुनवाई के दौरान परियोजना निदेशक प्रदीप कुमार पांडेय, एडीसीपी सलोनी अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त उपासना पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। यह दौरा महिला सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा : हर 10 में से करीब 3 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

### गाजियाबाद में 68.82% रही उपस्थिति



**उत्साह**

**11 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के लिए बने थे परीक्षा केंद्र, 3,449 ने छोड़ी परीक्षा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पुलिस में नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की दूसरी पाली मंगलवार को जिले के 25 केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में शामिल होने के लिए युवाओं में उत्साह तो दिखा, लेकिन इसके बावजूद हर 10 में से लगभग 3 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 11,064 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें से 7,615 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 3,449 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले की कुल उपस्थिति 68.82 प्रतिशत रही।

### पुलिस की नौकरी के लिए युवाओं का जोश



**प्रमुख बातें**

**7,615** अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा — कुल 11,064 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7,615 परीक्षा में शामिल हुए।

**3,449** अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर — करीब 31 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंचे।

**68.82%** कुल उपस्थिति — दूसरी पाली की परीक्षा का औसत उपस्थिति प्रतिशत 68.82 दर्ज किया गया।

**एमवीएम हाई स्कूल रहा सबसे आगे**

72.50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ यह केंद्र जिले में पहले स्थान पर रहा।

**शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा**

सभी 25 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा सम्पन्न हुई।

### एमवीएम हाई स्कूल बना टॉपर सेंटर

उपस्थिति प्रतिशत के मामले में एमवीएम हाई स्कूल, गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 72.50 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं एमएमएचवी इंटर कॉलेज गाजियाबाद और सुशीला गर्ल्स इंटर कॉलेज, मॉडल टाउन में 72.08 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

**नंदग्राम केंद्र पर सबसे कम पहुंची भीड़ :** गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, नंदग्राम में सबसे कम 62.76 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। यानी यहां लगभग 37 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सुबह से ही विभिन्न केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ दिखाई दी। सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखी।

## बेटियों के लिए आरकेजीआईटी की बड़ी पहल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी तरह निशुल्क

### अक्षत गोयल की घोषणा : मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की चार वर्ष की ट्यूशन फीस संस्थान करेगा वहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आरकेजीआईटी ग्रुप ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने ऐलान किया है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग में प्रवेश लेने वाली पात्र छात्राओं को चार वर्षों तक 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। एक विशेष समारोह में घोषणा करते हुए अक्षत गोयल ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग के इन प्रमुख क्षेत्रों में छात्राओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आरकेजीआईटी ग्रुप ने यह निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं तकनीकी शिक्षा की ओर आकर्षित हों और अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि कई प्रतिभाशाली छात्राएं आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। संस्थान की यह पहल ऐसी छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगी। चार वर्षों तक ट्यूशन फीस की पूरी जिम्मेदारी संस्थान द्वारा उठाए जाने से छात्राओं और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ भी कम होगा। अक्षत गोयल ने कहा कि आरकेजीआईटी ग्रुप शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानता है। संस्थान का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो भविष्य में देश के तकनीकी और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। घोषणा के बाद छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षाविदों ने इस पहल का स्वागत किया। इसे महिला सशक्तिकरण, तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया गया।




### इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेटियों की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है : अक्षत गोयल



करंट क्राइम। आरकेजीआईटी ग्रुप के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने कहा कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेटियों की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। कई प्रतिभाशाली छात्राएं आर्थिक कारणों से तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाती हैं। आरकेजीआईटी की यह पहल ऐसी छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर देगी। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर, सक्षम और भविष्य के तकनीकी नेतृत्व के लिए तैयार करना है। जब महिलाएं तकनीकी शिक्षा से सशक्त होंगी, तभी देश के विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

## गाजियाबाद के अभिमन्यु सिंह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से किया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित गुलमोहर गार्डन सोसायटी निवासी ग्रुप कैप्टन अभिमन्यु सिंह को उनकी अदम्य वीरता, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। रक्षा अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति ने उन्हें यह प्रतिष्ठित वीरता सम्मान प्रदान किया।

ग्रुप कैप्टन अभिमन्यु सिंह भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई फाइटर पायलट रहे हैं। वर्ष 2024 में एक रात्रि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उनके विमान के पिछले हिस्से की कैनोपी अचानक क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कॉकपिट में गंभीर आपात स्थिति उत्पन्न हो गई। कैनोपी के टुकड़ों से घायल होने और रक्तस्राव के बावजूद उन्होंने धैर्य नहीं खोया, विमान का नियंत्रण अपने हाथ में लिया और न केवल प्रशिक्षु पायलट की जान बचाई, बल्कि क्षतिग्रस्त लड़ाकू विमान को भी सुरक्षित उतारने में सफलता प्राप्त की। उनके इसी साहसिक और असाधारण कार्य के लिए उन्हें शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया।

अभिमन्यु सिंह के पिता तेजवीर सिंह ने बताया था कि उनके पुत्र ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से प्रशिक्षण प्राप्त किया और वर्ष 2009 में भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। वर्तमान में उनकी उपलब्धि से परिवार, मित्रों और पूरे गाजियाबाद में खुशी का माहौल है। शौर्य चक्र देश का तीसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। यह सम्मान उन सैन्य कर्मियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान असाधारण साहस और वीरता का परिचय दिया हो। ग्रुप कैप्टन अभिमन्यु सिंह की इस उपलब्धि को गाजियाबाद के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

### पिता तेजवीर सिंह ने बेटे को शौर्य चक्र मिलने पर खुशी जताई, सोशल मीडिया पर साझा किए गर्व के पल

करंट क्राइम। गर्व के पल गाजियाबाद निवासी तेजवीर सिंह ने अपने पुत्र ग्रुप कैप्टन अभिमन्यु सिंह को शौर्य चक्र मिलने पर सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा करते हुए लिखा, सुपुत्र ग्रुप कैप्टन अभिमन्यु सिंह फाइटर पायलट सुखोई-30 को आज शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। गर्व के पल।





# भीगने के लिए रहें तैयार, अगले दो दिन में जमकर बरसेंगे बदरा

## हाल-ए-मौसम

### दिल्ली-एनसीआर में बीते दिन अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दिल्ली-एनसीआर में बीते दिन अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू चलने से लोग काफी परेशान रहे। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है।

विभाग के अनुसार, आज और कल कड़ी धूप और लू चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान करीब 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि संभव है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक था। लगभग 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हल्की गर्म हवाएं भी चलीं। 11 जून से बदलेगा मौसम : लोगों को लू से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। 11 जून और 12 जून को दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्रों में आंधी और हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी आने की उम्मीद है। हवाएं 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी।

**मौसम विभाग का पूर्वानुमान जारी :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर-पूर्वी मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के आसपास कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है।






### कर्नाटक के बेलगावी में मानसून का तांडव, घरों में घुसा पानी, सड़कें बनीं नदियां

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में इस साल मॉनसून ने अपनी दस्तक के साथ ही रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश अब स्थानीय निवासियों के लिए आफत का सबब बन चुकी है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक, चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बेलगावी के निचले इलाकों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव इस कदर बढ़ गया है कि बाढ़ जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया है, जिससे लाखों रुपये के सामान का नुकसान होने की आशंका है। शहर की मुख्य सड़कें और संपर्क मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं, जिससे यातायात ठप हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम चोक होने के कारण सड़कों पर कई फीट तक पानी जमा है।

# 12 वर्ष पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी 'सेवा, सुशासन और समृद्धि के पथ पर निरंतर बढ़ते रहेंगे'

## वर्षगांठ

### बीते 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीते 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और ह्यराष्ट्र प्रथमह्ल की भावना के साथ सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम किया है, जिसकी वजह से भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए गए अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'हमारी सरकार के पिछले 12 साल भरोसे, विकास और जन-कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ हमने अपने युवाओं, महिलाओं और किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस रास्ते पर लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।'







**पीएम ने गिनाई उपलब्धियां :** प्रधानमंत्री ने नौ प्रमुख क्षेत्रों गरीब कल्याण, नारी शक्ति, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, स्वास्थ्य, राष्ट्र प्रथम, किसान कल्याण, मिडिल क्लास और विरासत और विकास के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा 4 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास, 10.5 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला गैस कनेक्शन और 12 करोड़ शौचालयों के निर्माण से करोड़ों परिवारों का जीवन आसान हुआ है।

नारी सशक्तीकरण पर रहा जोर

नारी सशक्तीकरण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन खाते खोले गए हैं। महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन का अवसर मिला है। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। वहीं, 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं।

**26 शहरों में मेट्रो नेटवर्क विकसित :** राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास को ऐतिहासिक बताया। देश के 26 शहरों में 1,100 किलोमीटर से अधिक का मेट्रो नेटवर्क विकसित किया गया है। वर्तमान में 164 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज और पंबन समुद्री पुल जैसे बड़े परियोजनाओं का निर्माण भी इसी अवधि में हुआ। देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 164 तक पहुंच गई है।

### सरकार के 12 साल: विदेश मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विदेश मंत्रालय की उपलब्धियों को बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 12 साल में विदेश मंत्रालय और भारत की विदेश नीति में कई जरूरी बदलाव हुए हैं। इसमें पासपोर्ट प्रक्रिया को आसान करना और विदेशों में रहने वाले भारतीयों की मदद करना शामिल हैं। विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, 12 साल पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पिछले 12 साल में , विदेश मंत्रालय और भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।' जानते हैं कि पिछले 12 वर्षों में भारत की विदेशी नीति कितनी बदली हैं? आम नागरिक के लिए पासपोर्ट जारी करना और दस्तावेजों का सत्यापन करना आसान बनाया गया है। खुले दूतावासों के माध्यम से विदेशों में रहने वाले भारतीयों को पूरा समर्थन दिया गया है। इसके साथ ही भारतीय समुदाय कल्याण कोष का उपयोग बढ़ाया गया है।

## सरकार के 12 साल पर खड़गे का तंज, बोले-

# पहले काम का अधिकार छीना अब निवाला भी छीन रही है सरकार




**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की वार्षिक सीमा नौ से घटाकर चार किए जाने को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पहले गरीब से मनरेगा के तहत काम का अधिकार छीना और अब रोटी का निवाला भी छीन रही है। सरकार ने हाल में उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की वार्षिक सीमा नौ से घटाकर चार कर दी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यह बदलाव औसत घरेलू खपत को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वर्ष 2016 में शुरू हुई इस योजना के तहत पहले लाभार्थियों को साल में 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडर सब्सिडी पर मिलते थे। हालांकि, पिछले साल सब्सिडी वाले सिलेंडर की संख्या घटाकर नौ कर गई थी, जिसे अब और भी घटाकर चार कर दिया गया है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के 12 सालों में गरीबी घटाने के अभियान की वास्तविकता है कि पहले गरीब से मनरेगा के तहत काम का अधिकार छीना, अब रोटी का निवाला भी छीना जा रहा है।₹ उन्होंने कहा कि 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया था कि उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिलेगी तथा साल में 12 सब्सिडी वाले सिलेंडर देने का वादा किया गया था, लेकिन पिछले साल इसे 12 से घटाकर 9 और अब 4 कर दिया गया है।

खरगे ने कहा, 2026 में अब सब्सिडी वाले सिलेंडर की संख्या 9 से घटाकर केवल चार कर दी गई। एलपीजी की कीमतें बार-बार बढ़ाई गईं।

# चंडीगढ़-मोहाली में कैब संकट!

## 16 जून तक थमे रहेंगे ओला-उबर के पहिये




## हड़ताल

### एप आधारित कैब कंपनियों के ड्राइवरों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंका

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला ट्राई सिटी में सफर करने वाले 50 हजार से अधिक दैनिक यात्रियों को 16 जून तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ओला, उबर और इनड्राइव जैसी एप आधारित कैब कंपनियों के ड्राइवरों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। सेक्टर 25 के रैली ग्राउंड में डटे इन चालकों ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सवारियां नहीं उठाने का फैसला किया है।

आखिर कैब चालक इतनी भीषण गर्मी में हड़ताल पर क्यों बैठे हैं? कंपनियों और ड्राइवरों के बीच विवाद की असली वजह क्या है? आइए, दैनिक ट्रिब्यून के इस एक्सप्लेनर में विस्तार से समझते हैं।

**एग्रीगेटर पालिसी 2025 का जमीनी स्तर पर लागू न होना :** कैब चालकों के इस पूरे आंदोलन के केंद्र में एग्रीगेटर पालिसी 2025 है। चंडीगढ़ प्रशासन ने एप आधारित कैब सेवाओं को रेगुलेट करने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ड्राइवरों के हितों की रक्षा के लिए पिछले साल यह पालिसी बनाई थी। इस पालिसी में स्पष्ट प्रविधान था कि कोई भी एग्रीगेटर कंपनी तय सीमा से अधिक कमीशन नहीं ले सकेगी और किराए का एक पारदर्शी सिस्टम होगा।

यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि पालिसी को बने एक साल बीत चुका है, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर आज तक लागू नहीं किया गया। इसका सीधा फायदा कैब कंपनियों को हो रहा है और नुकसान ड्राइवरों को उठाना पड़ रहा है। प्रशासन के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें बेनतीजा रही हैं, जिसके बाद ड्राइवरों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक प्रशासन इस पालिसी को पूर्ण रूप से लागू नहीं करता, उनका धरना जारी रहेगा॥

**25 से 35 रुपये प्रति किलोमीटर किराए की मांग**

हड़ताल की दूसरी सबसे बड़ी वजह किराए का गणित है। वर्तमान में चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से कैब का बेस किराया 25 रुपये प्रति किलोमीटर तय किया गया है।

# जयपुर में बड़ा हादसा! घर में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 7 की मौत




**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में एक भीषण हादसा हुआ है। यहां के खो नागोरियान इलाके में एक घर के भीतर चल रही पटाखा फैक्ट्री में भयंकर आग लग गई। इस भीषण हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन ने राहत बचाव कार्य शुरू किया।

जानकारी के मुताबिक, यह पटाखा फैक्ट्री किसी खुले मैदान या औद्योगिक क्षेत्र में नहीं, बल्कि आबादी वाले इलाके के एक मकान के अंदर चलाई जा रही थी। अचानक लगी आग के बाद जोरदार धमाका हुआ, जिसने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में झुलसे पांचों घायलों को इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक झुलसे हुए लोगों की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है, जिन्हें बचाने के लिए मेडिकल टीम लगातार प्रयास कर रही है।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया। घटनास्थल पर सिविल डिफेंस की टीम समेत दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाने में टीमों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर कलेक्टर संदेश नायक, एडीएम सहित सिविल डिफेंस के अधिकारी खुद ग्राउंड पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी देखरेख में राहत बचाव कार्य आगे बढ़ाया, जिससे मलबे में दबे लोगों को समय पर बाहर निकाला जा सके।

# राम से द्रोह करने वालों को भारत की धरती पर जगह नहीं : योगी

## सीएम की दो टूक

### जिनके मन में भारत के प्रति आस्था, निष्ठा नहीं, ऐसे लोगों के लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने दो-टूक कहा कि जिनके मन में भारत के प्रति आस्था, निष्ठा नहीं है और जो संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, ऐसे लोगों के लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती। प्रभु श्रीराम से द्रोह करने वालों को धरती पर जगह नहीं मिली। लव व लैंड जिहाद के प्रति आगाह करते हुए सीएम ने कहा कि इसके विरुद्ध समाज को एकजुटता के साथ खड़ा होना होगा। तोड़ने वाली ताकतें जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर विभाजित करने की चेष्टा करेंगी, लेकिन भारत की संत शक्ति समाज को एकजुट कर देश को आगे ले जाना चाहती हैं।

व्यासपीठ द्वारा जिस मर्म को समझाने का प्रयास किया गया, हमें उसे आत्मसात करना होगा। कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि अंगीकार करने की महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है।

# खदान में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**मुंबई।** ठाणे के दिवा इलाके में एक 20 साल के युवक की पत्थर की खदान में डूबने से जान चली गई। यह घटना सोमवार रात करीब 8:33 बजे बेतवड़े गांव में हुई।

मृतक की पहचान मोनू सोलंकी के रूप में हुई है। मोनू खदान के पानी में नहाने के लिए उतरा था, लेकिन वह पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाया और डूब गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। अंधेरा होने के कारण सोमवार रात तलाशी अभियान रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह फिर से खोज शुरू हुई और मोनू का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इसे एक दुर्घटना मानकर मामला दर्ज किया है।

# 'सास का चला जादू और दामाद हुआ बेकाबू'

## गले में माला, हाथ में प्रमाण पत्र और बैकग्राउंड में बजता गाना–वायरल वीडियो की सच्चाई क्या है?

## हकीकत या फसाना

### क्या यह हकीकत में हुई कोई शादी है या महज व्यूज बटोरने के लिए रचा गया एक ड्रामा?




**कानपुर।** रिश्तों की मर्यादा तार-तार या महज सोशल मीडिया पर वायरल होने की कोई सोची-समझी साजिश? कानपुर देहात के अकबरपुर में सामने आए सास-दामाद की शादी के दावों ने न केवल क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, बल्कि कानूनी और सामाजिक दृष्टिकोण से भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल वीडियो के जरिए खुद को पति-पत्नी बताने वाला यह जोड़ा अब पुलिस की जांच के दायरे में है। आपको बता दें कि आपने फिल्मी कहानियों में दामाद और सास का रिश्ता देखा होगा, लेकिन कानपुर देहात से आई ये हकीकत किसी फिल्म से कम नहीं है।

**फिल्म की पटकथा को भी छोड़ दिया पीछे :** कहानी शुरू होती है एक खूबसूरत सास और उनके दामाद से और खत्म होती है कोर्ट मैरिज के वायरल वीडियो पर! वीडियो में जो दिख रहा है, उसने किसी फिल्म की पटकथा को भी पीछे छोड़ दिया है। एक शख्स ने दावा किया है कि उसने अपनी ही सास के साथ कोर्ट मैरिज कर ली है।

**वीडियो की परतों को खोलने में जुट गई है पुलिस :** गले में माला, हाथ में प्रमाण पत्र और बैकग्राउंड में बजता फिल्मी गाना–इस वीडियो की सच्चाई क्या है? क्या यह हकीकत में हुई कोई शादी है या महज व्यूज बटोरने के लिए रचा गया एक ड्रामा? अकबरपुर पुलिस अब इस वायरल वीडियो की परतों को खोलने में जुट गई है।

कानपुर देहात में सोशल मीडिया पर रविवार दोपहर को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक महिला और पुरुष के कोर्ट में शादी करने का दावा किया गया है। वीडियो में दोनों गले में फूल माला पहने और शादी का प्रमाण पत्र दिखाते दिख रहे हैं।

**कोर्ट मैरिज कर लिए, आशीर्वाद दे दो :** इसके साथ ही वीडियो पर लिखा है कि सास को भगाकर दामाद ने किया शादी, कानपुर देहात अकबरपुर। वीडियो पर कोर्ट मैरिज कर लिए आशीर्वाद दे दो भी लिखा है। इसके साथ ही वीडियो पर गाना लगाया गया है कि लव मैरिज करेंगे कोर्ट में, मेरी हां में बस हां राखिए।

**किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई :** वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस रिश्ते पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के परिजन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। वायरल वीडियो की संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करता है। अकबरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जा रही है।

# खान सर को राहत : फायरिंग मामले में गिरफ्तारी पर लगी रोक




**पटना:** बिहार के चर्चित कोचिंग टीचर फैजल खान सर को पटना सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। पटना सिविल कोर्ट ने खान सर का अग्रिम जमानत याचिका पर आज मंगलवार को सुनवाई करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। खान सर के खिलाफ पटना पुलिस ने आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमले को लेकर मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होन के बाद खान सर गायब हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए पटना पुलिस लगातार छापेमारी रह रही थी। इस बीच शनिवार को खान सर के वकील ने शनिवार को ऑनलाइन अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। जिस पर आज सुनवाई हुई।

खान सर के वकील अरविंद कुमार महुआर ने बताया कि पुलिस अब खान सर का गिरफ्तार नहीं कर सकती है। उन्हें प्रोटेक्शन जमानत मिला है। अब खान सर फ्री हैं। वो कहीं भी घूम सकते हैं। कोर्ट ने खान सर के लिए केस डायरी मांगी है। अभी कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख तय नहीं की गई है। कोर्ट में जो दलीलें दी गईं, उनके आधार पर कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 10 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- महिलाएं हैं खुशहाल सुरक्षा से लेकर चिकित्सा तक महिलाओं ने बनाई है पहचान

**महिला सशक्तीकरण**

**भारत की बेटियां उड़ा रही हैं लड़ाकू विमान**
**12 वर्षों में मिला है महिलाओं को सम्मान**
**उज्जवला योजना से लेकर मुद्रा योजना तक महिलाओं को दिया गया है लाभ**

## 'विश्व में सबसे ज्यादा महिला पायलटों की संख्या भारत में'







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहटकर मंगलवार को गाजियाबाद आईं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं की स्थिति को लेकर 12 साल की तस्वीर बयां की। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 साल के कार्यकाल में महिलाओं का हाल कितना सुधरा है ये बताया।

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि पहले बच्चियों को पेट में मार देते थे। ना उन्हें पढ़ाते थे, लेकिन आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं। उन्हेंने कहा कि आज 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड की अगुवाई बेटियां कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में सबसे ज्यादा महिला पायलटों की संख्या भारत में है। ये हमारी बेटियों का जलवा है। आज हमारी बेटियां लड़ाकु विमान भी उड़ा रही हैं, मेट्रो ट्रेन चला रही हैं। आज भारत की बेटियां वैज्ञानिक हैं, रक्षा से लेकर सुरक्षा के क्षेत्र में हैं। महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी माताएं-बहनें-बेटियां घर का आधार है। उन्होंने कहा कि 12 साल से बेटियों को सम्मान मिलना शुरू हुआ है, इससे पहले कभी उन्हें सम्मान नहीं मिला। बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर सबको ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, उनके सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया है। उज्जवला योजना महिलाओं के लिये एक वरदान साबित हुई है। इस योजना से पहले लाखों माताएं-बहनें चूल्हे पर काम करने से अपने फेफड़ों को खराब कर लेती थी। लेकिन अब महिलाओं की स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि 12 साल के कार्यकाल में देश में 30 करोड़ महिलाओं को सरकार ने लखपति बनाया है। महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि मुद्रा योजना से यह लाभ महिलाओं को दिया गया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने 12 साल में महिलाओं की स्थिति में सुधार किया है। आज हमारी महिलाएं घर पर बैठकर नहीं अपितु देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रही हैं। अपने परिवार, अपने समाज और देश को आगे बढ़ा रही हैं। विजया राहटकर ने महिलाओं की स्थिति के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार के 12 साल की उपलब्धियों को महिला कल्याण के परिप्रेक्ष्य में बताया।

उन्होंने बताया कि किस तरह से इन 12 सालों में भारत की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक तरक्की हुई है। करोड़ों महिलाओं को सरकार ने अधिकार दिये हैं, सुविधाएं दी है।

उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और सफलता की कामना के साथ

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को मेयर सुनीता दयाल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के जन्मदिवस के अवसर पर महापौर सुनीता दयाल ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। महापौर सुनीता दयाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का प्रशासनिक अनुभव एवं कार्यशैली गाजियाबाद के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को गति प्रदान कर रही है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि तथा निरंतर सफलता की कामना की।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि नगर आयुक्त का जीवन खुशियों, उपलब्धियों और ऊर्जा से परिपूर्ण रहे तथा वे भविष्य में भी जनसेवा और शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते रहें। नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कराया फील नहीं होना चाहिए मेहमान को जरा सा भी कष्ट

## तत्काल प्रभाव से पानी का गिलास लेकर पहुंचे और दिया संदेश-लेडीज फर्स्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहटकर गाजियाबाद में थी। यहां पर उन्होंने अपने संबोधन में कई बातों को रखा। गर्मी का मौसम था तो प्यास लगना स्वाभाविक है। कई बार व्यवस्थाओं में किसी ना किसी कमी को महसूस किया जाता है, लेकिन अगर, मंच पर बड़े दिल के नेता हों तो फिर ये भी पता चलता है कि सहजता-सरलता क्या होती है और व्यक्तित्व में समर्पण-सम्मान और सेवा भाव क्या होता है। ये नजारा दिखाई दिया जब मंच पर महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्यास महसूस हुई। उन्होंने इधर-उधर देखा तो तुरंत ही इस स्थिति को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भाप लिया। वो मंच पर मौजूद थे और उन्होंने तत्काल प्रभाव से तुरंत पानी का गिलास महिला आयोग की अध्यक्ष को दिया वो तत्काल प्रभाव से पानी का गिलास लेकर वहां मौजूद हो गये। यहां पर सहजा और सलता ये थी कि आयेग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उतने ही सरल भाव से पानी पी लिया। सेवा का भाव क्या होता है ये मयंक गोयल ने दिखाया। उन्होंने पानी मंगाने के लिये किसी को आवाज नहीं दी।

वो बिना इंतजार किये आतिथ्य भाव से सम्मान भाव के साथ पानी का गिलास लेकर हाजिर हो गये। उन्होंने ये संदेश दिया कि जो हमारा अतिथि है, जो महिला है, उनको कष्ट नहीं होना चाहिए और लेडीज फर्स्ट वाला सीन होना चाहिए। हालांकि यहां बाद में पानी की बोतल आ गई, लेकिन महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के महानगर अध्यक्ष की ये सहजता और सरलता सभी के दिलों पर छा गई।

### जब राष्ट्रीय अध्यक्ष बोलीं-पूरे भारत में मशहूर है गाजियाबाद की महिला कार्यकर्ता

करंट क्राइम। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गाजियाबाद में भाजपा का संगठन मजबूत है। यहां पदाधिकारी कोई भी रहे कार्यकर्ता अपना काम पूरी जिम्मेदारी से करते हैं। वो जनसभा हो, वो बैठक हो या रैली हो सभी में भाजपा की कार्यकर्ता फौज पूरी मुस्तैद दिखाई देती है। भाजपा की महिला कार्यकताओं की तारीफ खुले मंच से महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी की। उन्होंने माइक संभाला और कहा कि मेरा गाजियाबाद से पुराना रिश्ता है। विजया राहटकर ने कहा कि मैं कार्यकताओं को जानती हू और गाजियाबाद की रैली पूरे भारत में मशहूर है। उन्होंने कहा कि यहां भाजपा की जनसभा में, रैली में जितनी बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता पहुंचती हैं वो संख्या पूरे भारत में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ती है। वास्तव में गाजियाबाद की भाजपा की महिला कार्यकताएं प्रशंसा के लायक हैं और वो कार्यकर्ता भाव के साथ काम करती हैं।





### हो जाती सरकारी खता, उससे पहले ही बोर्ड दिया हटा

करंट क्राइम। राजनीति में सरकार और सरकारी ये दो शब्द अलग हैं। अगर कार्यक्रम सरकारी है तो उसके प्रोटोकॉल अलग हैं। कई बार गुड फेथ में भी खताएं हो जाती हैं। कुछ ऐसा ही नजारा इस कार्यक्रम में दिखाई दिया। हालांकि शुरूआत में किसी ने भी इसपर ध्यान नहीं दिया था, लेकिन जब महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष की एंट्री हुई तो इस पर किसी की निगाह गई। तत्काल बताया गया कि यह सरकारी कार्यक्रम हैं इसमें इस तरह के पोस्टर नहीं लगाए जाते हैं। तत्काल ही पूरे मामले की गंभीरता को भांपा गया। इससे पहले कि किसी प्रकार की खता हो जाती उससे पहले ही मंच पर लगे इस बोर्ड को हटा दिया गया। सरकारी कार्यक्रम के प्रोटोकॉल का पालन हुआ शुरूआत में किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया था, लेकिन जैसे ही महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष की एंट्री हुई, वैसे ही इस बात का पता चला और जब तक अन्य लोग समझते तब तक इस बोर्ड को हटा दिया गया था।

### मयंक गोयल ने जब गिनाए मातृ शक्ति के नाम

करंट क्राइम। मंच पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मयंक गोयल ने महिला शक्ति का सम्मान करते हुए अपना संबोधन दिया। उन्होंने राष्ट्र से लेकर अपने जिले तक ये नाम बताए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को सम्मान देती है। भारत देश की महामहिम राष्ट्रपति एक महिला द्रौपदी मुर्मू हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल है, गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल हैं। उन्होंने राजनीति से लेकर राष्ट्र की भागीदारी में महिला शक्ति की सहभागिता बताई।

### रनिता सिंह ने किया संचालन, मानसिंह गोस्वामी ने किया समापन

करंट क्राइम। भारत की महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष गाजियाबाद में थीं और यहां कार्यक्रम की संयोजक बनाई गईं भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह ने मंच का संचालन किया। शानदार संचालन रहा और कार्यक्रम का समापन मानसिंह गोस्वामी ने किया।

### एक बार फिर विधायकों ने दूरी बना ली

करंट क्राइम। कार्यक्रम से दूरी का किस्सा गूंज रहा है। एक बार फिर ऐसा हुआ जब महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष आईं और इस कार्यक्रम से जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना ली। इस कार्यक्रम में तीनों विधायक नजर नहीं आए। अब ये इत्तेफाक भी हो सकता है, संयोग भी हो सकता है या फिर ये सियासत से जुड़ा एक करंट भी सकता है।

# जब पूछा गया दिशा की बैठक में ना आने पर कैबिनेट मंत्री से सवाल, बोले- मैंने भेजा था अपने प्रतिनिधि को और प्राप्त की थी पूरी रिपोर्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बार फिर भगवा गढ़ में दूरियों का किस्सा गूंज रहा है। जो एकता 2024 में दिखाई दी थी अब उस एकता के बादल छंटने लगे हैं। जनप्रतिनिधि एक साथ मौजूद हों ऐसे अवसर घटने लगे हैं। एक दौर था जब दिशा की बैठक में विधायक नहीं होते थे, लेकिन किसी अन्य जगह पर एकसाथ मिल जाते थे। दिशा की बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी नहीं थे। सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री हैं और विकास को लेकर हमेशा एक विजन के साथ काम करते हैं। उनकी बड़ी खूबी ये है कि वो हमेशा कार्यकताओं से लेकर जनता तक एक संवाद रखते हैं। बूथ अध्यक्ष का नाम उन्हें जुबानी पता है और जनता से मिलने की गुडमॉर्निंग वाली कहानी सब जानते हैं।

पार्क में लोगों से मुलाकात करते हैं, समाधान करते हैं, कुल मिलाकर सार ये है कि वो हमेशा टच में रहते हैं। क्या दिशा की बैठक में वो किसी मजबूरी के चलते नहीं गये थे या खुद दूरी बनाई थी। आखिर वजह क्या है इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि ना कोई दूरी थी और ना ही कोई मजबूरी थी।

### केंद्र से सांसद और जिले में प्रभारी मंत्री की भूमिका

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अनुभवी विधायक हैं। संगठन से लेकर सदन तक वो पूरी प्रक्रिया जानते हैं। उन्होंने विकास के क्रम को बताया और ये बताया कि दिशा की बैठक क्यों होती है। क्यों लोकसभा सांसद को ही इसका अध्यक्ष बनाया जाता है और जिले में प्रभारी मंत्री की क्या भूमिका होती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि दिशा की बैठक का सीधा संबंध केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से है। उन्होंने कहा कि इसीलिये दिशा का अध्यक्ष स्थानीय सांसद को बनाया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाएं, विकास कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा स्थानीय अधिकारियों के साथ सांसद करते हैं। इसलिये सांसद को ये जिम्मेदारी दी जाती है। वहीं जिले में जो प्रभारी मंत्री नियुक्त किये जाते हैं वो राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करते हैं। इस बात की समीक्षा करते हैं कि राज्य सरकार द्वारा जिले में संचालित की जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो रहा है। जनता को इससे लाभ मिल रहा है। इस तरह से उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सकरार के बीच का ये अंतर है जिसमें सांसद और प्रभारी मंत्री की भूमिका अहम होती है। सांसद और प्रभारी मंत्री अपनी-अपनीबैठक में अपने क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं की रिपोर्ट लेते हैं।

उन्होंने बताया कि कैबिनेट के कई काम होते हैं और विधायक होने के नाते भी क्षेत्र की कई जिम्मेदारी होती है। दूरी वाली बात से उन्होंने इनकार किया और कहा कि मैंने दिशा की बैठक में अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रेम त्यागी को भेजा था। प्रेम त्यागी अनुभवी नेता हैं वो समय से बैठक में पहुंचे। उन्होंने एक-एक बिंदु को नोट किया और दिशा की बैठक से लौटकर उन्होंने पूरी बैठक का वृतांत मुझे रिपोर्ट की। यहां पर कैबिनेट मंत्री ने ये भी स्पष्ट किया कि मैंने अपनी ओर से कोई सुझाव नहीं भेजा था। उन्होंने कहा कि सरकार से विकास का पूरा क्रम अनवृत्त चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद गाजियाबाद की सभी विकास योजनाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में तालमेल है और जनकल्याणकारी योजनाओं से लेकर बुनियादी सुविधाओं के विकास का पूरा ध्यान सरकार रख रही है।

# 28 जून को होगा 125 साल पुरानी रामलीला की कमेटी का इलैक्शन
## 18 जून तक दर्ज करा दें मतदाता सूची से लेकर किसी और बात से जुड़ा ऑब्जेक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ये गाजियाबाद ही नहीं , एनसीआर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी रामलीलाओं में से एक है। ये एक ऐसी रामलीला है जो अपनी परम्पराओं के लिए जानी जाती है।

ये ऐसी रामलीला है जिसका अपना इतिहास है। इस रामलीला की खूबी ये है कि बिना इंटरनल महाभारत के यहां चुनावी शंखनाद ही नहीं होता। डिप्टी रजिस्ट्रार से लेकर कमेटी के विस्तार की चर्चाओं के लिए इस कमेटी के चुनाव की तिथि आ गयी। चुनाव अधिकारी बनाये गये जिला कुष्ठ रोग निवारण अधिकारी ने पहले ही नोटिस बोर्ड पर सदस्यों की सूचि चस्पा कर दी थी और अब कमेटी का चुनाव घोषित हो गया है।

जो कार्यक्रम आया है उसमें अंतिम मतदाता सूचि 19 जून को घोषित होगी। जिन भी सदस्यों को कमेटी की मतदाता सूचि को लेकर या चुनाव की किसी भी प्रक्रिया को लेकर कोई ऑब्जेक्शन है तो वो 18 जून की शाम पांच बजे तक लिखित में अपना ऑब्जेक्शन दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूचि 19 जून को प्रकाशित हो जायेगी।

सबसे पहले इस सूचि पर चुनाव अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे और फिर ये मैदान में चस्पा हो जाएगी।



### 19 जून से बंटेगा चुनाव का पर्चा और वापस लेने की तिथि 21 जून

करंट क्राइम। चुनाव की मुनादी हो गयी है और जिस जिस को भी चनाव लड़ना है वो तैयार हो जाये। नामांकन वाला पर्चा 19 जून को वितरित होगा। जो भी सदस्य चुनाव लड़ना चाहते हैं वो 19 जून को पर्चा ले सकते हैं। 21 जून को जिनका इरादा बदल गया हो वो चुनाव ना लड़ना चाहते हों वो अपना पर्चा वापस ले सकते हैं। 21 जून को पैनल घोषित हो जायेगा, उम्मीदवारों के नाम घोषित हो जायेंगे।

### 28 जून को मैदान में ही गिने जायेंगे वोट

करंट क्राइम। 28 जून को सुल्लामल रामलीला कमेटी के सात पदों के लिए मतदान होगा। इनमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, मंत्री , लेखापरिक्षक, महामंत्री के लिए चुनाव होगा। मतदान 28 जून को सुबह 10 बजे से शुरू होकर 3 बजे तक होगा। 3 बजे के बाद मतदान नहीं होगा और सवा 3 बजे मतगणना शुरू हो जायेगी। 28 जून को ही मतगणना का परिणाम घोषित किया जायेगा।

### रिफंड नहीं होगा नामांकन का शुल्क और कराई जायेगी वीडियोग्राफी

करंट क्राइम। सुल्लामल रामलीला कमेटी का चुनाव लड़ने के लिए नामांकन वाला शुल्क वापस नहीं होगा। चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इसके लिए वीडियोग्राफी कराई जायेगी। वहीं मतदान से लेकर मतगणना तक किसी प्रकार का कोई लफड़ा ना हो, इसके लिए पुलिस का तगड़ा इंतजाम भी रहेगा।

### क्या कहानी में आ सकता है होईकोर्ट वाली वोटर लिस्ट का ट्विस्ट

करंट क्राइम। चुनाव घोषित हो गया है, चुनावी तैयारी शुरू हो गयी है और मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन ओर लिस्ट चस्पा करने के आदेश भी आ गये है। वहीं सूत्र बताते हैं कि एक पक्ष यहां वोटर लिस्ट की वैद्यता पर सवाल उठा रहा है । इस पक्ष का कहना है कि मौजूदा मतदाता सूचि में त्रुटियां हैं और इनमें से कुछ लोगों को निधन हो चुका है। कुछ नये नाम भी जोड़े गये हैं। ये वो नाम हैं जिनकी सदस्यता रसीद पिछले वर्षों में नहीं कटी थी और अब उनका नवीनीकरण कर उन्हें सदस्य बनाया गया है। यहां ऑब्जेक्शन वोटर लिस्ट को लेकर आ सकता है। वोटर लिस्ट वो मानी जायेगी जो डिप्टी रजिस्ट्रार उपलब्ध करायेंगे। सूत्र बता रहे हैं कि एक पक्ष लिस्ट को लेकर हाईकोर्ट में रिट दाखिल कर सकता है। माना जा रहा है कि कहानी में वोटर लिस्ट और हाईकोर्ट वाला टविस्ट आ सकता है।

# गाजियाबाद में गोकशी करने वाला गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जुल्फिकार के रूप में हुई है, जो लोनी क्षेत्र के प्रशांत विहार रूपनगर का रहने वाला है।

**आरोपी पर 15 हजार का इनाम था, पुलिस पर फायर भी किया था**

पुलिस को सूचना मिली थी कि जुल्फिकार इलाके में मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पुस्ता क्षेत्र से पकड़ लिया। आरोपी काफी समय से पुलिस की तलाश में था और उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पूछताछ में जुल्फिकार ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए अपराध करता था। उसके खिलाफ गोकशी और पशुओं के प्रति क्रूरता से जुड़े मामलों में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।

# तेजी के साथ बंद बाजार, सेंसेक्स 395 अंक उछला

## इंडिया वीआईएक्स करीब 9 फीसदी गिरा, निवेशकों का भरोसा बढ़ा

### एसबीआई और आयशर सहित कई प्रमुख शेयरों में रही जोरदार खरीदारी



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार का समापन हरे निशान पर हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 394.50 (0.53%) अंकों की बढ़त के साथ 73,918.76 के स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर, निफ्टी 119.10 (0.52%) अंक मजबूत होकर 23,242.10 पर पहुंच गया।

सत्र के दौरान पीएसयू बैंकों के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। एसबीआई और आयशर जैसी कंपनियों के शेयरों के भाव करीब दो फीसदी तक मजबूत हुए हैं। विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के बीच घरेलू निवेशकों (डीआईआई) ने करीब चार लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव को मापने वाला वोलैटिलिटी इंडेक्स यानी वीआईएक्स मंगलवार को करीब 9% गिरकर 15.56 पर पहुंच गया। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को एक बार फिर मजबूत 'बुलिश मोमेंटम' (तेजी) देखने को मिला है। निवेशकों के लिए यह कारोबारी दिन मुनाफे वाला साबित हुआ क्योंकि बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स-सेंसेक्स और निफ्टी- हरे निशान पर बंद हुए।

इसके साथ ही, व्यापक बाजार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजार की इस तेजी को और गति दी। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि बाजार में डर और अस्थिरता को नापने वाला 'इंडिया विक्स' इंडेक्स भी काफी नीचे आ गया है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

### ग्लोबल मार्केट से कैसे संकेत मिल रहे हैं?

भारतीय शेयर बाजार की यह तेजी केवल घरेलू कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे मजबूत वैश्विक संकेतों का भी पूरा साथ मिला है। यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों में भी सकारात्मक रुख देखने को मिला है। आंकड़ों के अनुसारः लंदन के समयानुसार सुबह 9:17 बजे तक स्टॉक्स यूरोप 600 में 0.5% की बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार में एसएंडपी 500 (र&ढ 500) फ्यूचर्स 0.4% और नैस्डैक 100 फ्यूचर्स 0.7% चढ़े। हालांकि, डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स में कोई खास बदलाव नहीं दिखा।

# सोने ने फिर पकड़ी रफ्तार, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक तनाव कम होने से भाव 1.60 लाख के पार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,500 रुपये का बड़ा उछाल आया। कमजोर अमेरिकी डॉलर और सराफा बाजार में बेहतर धारणा के कारण ऐसा हुआ। इस वृद्धि के साथ 10 ग्राम सोने का भाव फिर से 1.60 लाख रुपये के स्तर को पार कर गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। यह भाव सोमवार के बंद स्तर 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक है। वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें कम होने के बावजूद घरेलू बाजार में यह सुधार देखा गया। विश्लेषकों ने घरेलू कीमतों में वृद्धि का कारण कमजोर अमेरिकी डॉलर और निवेशकों की नई रुचि को बताया।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी सोने को समर्थन दिया। अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी बांड आय में कमी भी इस उछाल की वजह बनी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं।

बाजार धारणा में सुधार ईरान और इजरायल के बीच हमलों को रोकने की सहमति के बाद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्धविराम की दिशा में प्रगति संबंधी टिप्पणियों से भी उम्मीदें बढ़ीं। भू-राजनीतिक तनाव में कमी से ऊर्जा-जनित महंगाई की चिंताएं कम हुईं। इससे हाल की कमजोरी के बाद कीमती धातुओं को समर्थन मिला। हालांकि, यह सुधार सीमित रहा क्योंकि निवेशक अमेरिकी मौद्रिक नीति के दृष्टिकोण का आकलन करते रहे।

# संपादकीय

## रसोई तक पहुंची महंगाई

पश्चिम एशिया में हालात सामान्य नहीं हो पाने का असर अब प्रत्यक्ष रूप से महंगाई में तेज बढ़ोतरी के रूप में सामने आ रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार इजाफे के बाद सरकार ने घरेलू रसोई गैस के दामों में भी 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। यानी महंगाई की आंच आम लोगों की रसोई तक पहुंच गई है, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है।

इस स्थिति को लेकर पहले से ही अनुमान लगाए जा रहे थे, लेकिन सवाल सरकार के उन दावों पर उठ रहे हैं, जिनमें कहा गया था कि संभावित संकट का सामना करने के लिए समय रहते वैकल्पिक उपाय तलाश लिए जाएंगे। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है। सरकार ने पिछले माह चार चरणों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए थे, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर पेट्रोल 7.35 रुपये और डीजल 7.53 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया था। इसी तरह व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भी बढ़ोतरी की गई। उम्मीद की जा रही थी कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम फिलहाल स्थिर रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब सरकार के नियंत्रण से पूरी तरह बाहर हो गए हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तीन महीनों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले मार्च में साठ रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई थी, यानी इस अवधि में प्रति सिलेंडर कुल मिलाकर 89 रुपये बढ़ चुके हैं। सरकार का तर्क है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में कीमतों में लगातार उछाल की वजह से तेल कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस के दाम घटते हैं, तो क्या उनका लाभ आम उपभोक्ताओं को दिया जाता है? यह मसला लंबे समय से कई स्तरों पर उठाया जाता रहा है, लेकिन इस पर कोई गंभीरता अब तक नजर नहीं आई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के बाद सरकार अब यह कहकर अपनी पीठ थपथपा रही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद देश की जनता को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि एक तरफ आम आदमी महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है और दूसरी तरफ सरकार यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि आवश्यक वस्तुओं के दाम अब भी नियंत्रण में हैं। खबरों के मुताबिक, संकट के दौरान देश में एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए घरेलू उत्पादन में साठ फीसद से अधिक की वृद्धि की गई है और अमेरिका, कनाडा तथा अल्जीरिया जैसे देशों से अतिरिक्त आयात की व्यवस्था भी की गई है। मगर सवाल यही है कि इन वैकल्पिक उपायों का असर जमीन पर नजर क्यों नहीं आ रहा है। आम लोगों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लंबी कतारों में खड़े होकर गैस सिलेंडर का इंतजार क्यों करना पड़ रहा है

# भारत की अर्थव्यवस्था पर विश्व बैंक का भरोसा बरकरार

### बेहतर कारोबारी माहौल और द्विपक्षीय व्यापार समझौते बना रहे अर्थव्यवस्था को मजबूती




**नई दिल्ली।** दुनिया भर में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत की अर्थव्यवस्था एक मजबूत दीवार की तरह खड़ी है। विश्व बैंक ने साफ किया है कि भारत की आर्थिक बुनियाद बेहद मजबूत है और आने वाले वर्षों में भी देश के विकास की रफ्तार तेज बनी रहेगी। विश्व बैंक के इस भरोसे के पीछे भारत का बेहतरीन कारोबारी माहौल, तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौते और देश के अहम सेक्टर्स, खासकर फूड प्रोसेसिंग की बड़ी भूमिका है। विश्व बैंक के भारत के लिए ऑपरेशंस मैनेजर और कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी का कहना है कि भारत की अपनी एक विशाल अर्थव्यवस्था है और इसका बेसलाइन ग्रोथ बहुत मजबूत है। गुजरात के अहमदाबाद में विश्व बैंक और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से आयोजित सैपलिंग हाई-लेवल पॉलिसी डायलॉग के दौरान उन्होंने यह बात कही।

उनके मुताबिक, भारत की सफलता की सबसे बड़ी वजह यह है कि वह अपने लोगों और व्यापारिक इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार निवेश कर रहा है। साथ ही, देश द्विपक्षीय भागीदारों के साथ बेहतरीन व्यापारिक समझौते कर रहा है, जो इसे बाहरी झटकों से बचाते हैं और इसकी वृद्धि को पक्का करते हैं।

# राजेश एक्सपोर्ट्स चेयरमैन बोले, खातों की इंट्री को सही से नहीं समझ पाया नियामक

**नई दिल्ली।** राजेश एक्सपोर्ट्स के चेमयरमैन राजेश मेहता ने मंगलवार को अपनी सहायक कंपनी एसीसी एनर्जी और प्रवर्तक-नियंत्रित एलेस्ट लिमिटेड में धन के कथित हेरफेर से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि बाजार नियामक सेबी ने खातों में की गई इंट्रीज को ठीक से नहीं समझा है। यह तब हुआ है जब कंपनी 18,100 करोड़ रुपये की एसीसी उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना से बाहर होने के जोखिम का सामना कर रही है। मेहता ने पीटीआई को बताया कि धन का कोई डायवर्जन नहीं हुआ है। सेबी ने 3 जून को अपने अंतरिम आदेश में मेहता की ओर से नियंत्रित एसीसी एनर्जी स्टोरेज और एलेस्ट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी एक योजना पर सवाल उठाए थे। इस आदेश में वित्तीय वर्ष 2021 से वित्तीय वर्ष 2025 के बीच 15.15 लाख करोड़ रुपये के गलत तरीके से बताए गए सहायक कंपनी के राजस्व का भी आरोप लगाया गया है। यह कुल राजस्व का 99.8 फीसदी है। नियामक ने मेहता को राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के शेयरों में व्यापार करने से रोक दिया है। साथ ही, एक फोरेंसिक ऑडिट का आदेश भी दिया है। उधर कंपनी ने कहा है कि वह स्पष्टीकरण देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इन गंभीर आरोपों ने कंपनी की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

# छूट के बाद एफपीआई ने एफएआर प्रतिभूतियों में 8,795 करोड़ रुपये का भारी निवेश कियों

**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा कर छूट दिए जाने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में बड़ा निवेश किया है। एफपीआई ने इन बॉन्डों में ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट मिलने के बाद 8,794.743 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह कदम भारत के घरेलू ऋण बाजार को मजबूत करने और रुपये को बाहरी दबावों से सहारा देने के लिए उठाया गया है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार, तीन जून को एफएआर प्रतिभूतियों में एफपीआई की होल्डिंग 3.23 लाख करोड़ रुपये थी। यह मंगलवार, 7 जून को बढ़कर 3.32 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो एक महत्वपूर्ण वृद्धि दशार्ती है। एफएआर अनिवासी निवेशकों को भारत सरकार की प्रतिभूतियों (शेयरों) में बिना किसी निवेश सीमा के निवेश करने की अनुमति देता है। एरेट कैपिटल के उपाध्यक्ष माताप्रसाद पांडे ने इस कदम को सकारात्मक बताया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई में हुई शुद्ध खरीद का करीब 75 फीसदी एफएआर श्रेणी में निवेश किया गया। यह भारत के प्रमुख वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में शामिल होने के मामले को भी मजबूत करता है। सरकार ने 5 जून को आयकर अधिनियम में संशोधन के लिए एक अध्यादेश जारी किया था। यह छूट 1 अप्रैल 2025 से पूर्वव्यापी रूप से लागू है, जिससे निवेशकों को तत्काल लाभ मिला है। सरकार ने यह कदम घरेलू ऋण बाजार में अधिक विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए उठाया है। इसका उद्देश्य बाहरी दबावों के बीच रुपये को समर्थन देना भी है।




# 10 06 2026 करंट क्राइम

## सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



तेजस्वी प्रकाश
अभिनेत्री



श्यामवीर चौधरी
(भाजपा नेता)



महंत नारायण गिरी
(श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत और जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता)



मोरवी | मिस्टी कशाना | संगीता यादव



वंदना जोशी | बबिता कौशिक | हेमलता देवी | प्रवीण त्यागी | घनेन्द्र पाल | प्रवीण मिश्रा



अरुण कुमार | सतीश लखेरा | मनवीर सिंह | आशीष गुप्ता | प्रवीण त्यागी | सोनू हुड्डा



लाल जी सिंह | महेश मुद्गल | प्रमेन्द्र सिंह | प्रेम मीणा | वनोद गौर | देव नारायण शर्मा



गौरव बजरंगी | रवि कुमार | राकेश सैनी | अमित गुर्जर | हरिकांत शर्मा | राहुल राज



बसंत सोलंकी | आशू | गौरव अरोरा | जितेन्द्र कुमार | मनोज भारद्वाज | मुबारक अलि

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# राशिफल

**मेष :** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष :** मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कर्क :** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह :** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक :** रहन- सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।

**धनु :** क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर :** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मीन :** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

# चुटकुले

पत्नी : मेरी कौन-सी आदत सबसे अच्छी लगती है?
पति : चुप रहने वाली।
पत्नी : मैं कब चुप रहती हूं?
पति : बस, यही आदत नहीं है!

---

टीचर : बताओ, आलस क्या है?
पप्पू : सर, आज नहीं बताऊंगा... कल बता दूंगा।

---

डॉक्टर : रोज सुबह टहलने जाया करो।
मरीज : मैं जाता हूं।
डॉक्टर : फिर भी मोटापा क्यों बढ़ रहा है?
मरीज : क्योंकि टहलने मैं बाइक से जाता हूं!

---

दोस्त : शादी के बाद जिंदगी कैसी है?
पति : पहले मैं शेर था।
दोस्त : अब?
पति : अब शेर की फोटो देखकर खुश हो लेता हूं।

---

बेटा : पापा, मैं बड़ा होकर क्या बनूं?
पापा : बेटा, पहले मोबाइल नीचे रखकर इंसान बन जा।

---

पत्नी : अगर मैं गायब हो जाऊं तो क्या करोगे?
पति : अखबार में इश्तहार दूंगा।
पत्नी : क्या लिखोगे?
पति : जो मिल जाए, कृपया वापस न करें!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# चयनकर्ताओं ने नजर अंदाज किया तो शतक जड़ दिया

## ऋतुराज गायकवाड़ ने श्रीलंका में बल्ले से दिया जवाब

**दांबुला।** भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच त्रिकोणीय सीरीज के पहले वनडे में ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार शतक जड़कर अपनी दावेदारी मजबूत कर दी। यशस्वी जायसवाल के रिप्लेसमेंट के तौर पर इंडिया-ए टीम में शामिल किए गए ऋतुराज ने 114 गेंदों में 101 रन बनाए। उन्होंने कप्तान तिलक वर्मा के साथ 150 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की और भारत-ए को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

भारत-ए और श्रीलंका-ए के बीच दांबुला में खेले जा रहे त्रिकोणीय सीरीज के पहले वनडे में ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार शतक जड़कर चयनकताओं को कड़ा संदेश दिया। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए जब भारतीय टीम चुनी गई, तब ऋतुराज को मौका नहीं मिला। इसके बाद विराट कोहली चोटिल होकर बाहर हुए तो भी चयनकताओं ने उनकी जगह ऋतुराज के बजाय यशस्वी जायसवाल को चुना। उस समय यशस्वी भारत-ए टीम का हिस्सा थे। यशस्वी के सीनियर टीम में जाने के बाद ऋतुराज को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर भारत-ए स्क्वॉड में शामिल किया गया और उन्होंने इस मौके को दोनों हाथों से भुनाते हुए श्रीलंका-ए के खिलाफ बेहतरीन शतक ठोक दिया। साथ ही अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को भी करारा जवाब दिया है।

**शतक के बाद जल्द लौटे पवेलियन**

शतक पूरा करने के कुछ ही समय बाद ऋतुराज अपनी पारी को और बड़ा नहीं बना सके। वह 114 गेंदों में 101 रन बनाकर वानुजा साहन का शिकार बने। उनकी पारी में छह चौके और तीन छक्के शामिल रहे। इसके तुरंत बाद कप्तान तिलक वर्मा भी 97 गेंदों में 60 रन बनाकर मोहम्मद शिराज की गेंद पर आउट हो गए। दोनों बल्लेबाजों के आउट होने से भारत-ए को लगातार दो झटके लगे और स्कोर 45 ओवर में 225/5 हो गया।

ऋतुराज गायकवाड़ को इस सीरीज के लिए आखिरी समय में भारत-ए टीम में शामिल किया गया था। यशस्वी जायसवाल को विराट कोहली की चोट के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय वनडे टीम में जगह मिली, जिसके बाद ऋतुराज को भारत-ए स्क्वॉड में शामिल किया गया। ऐसे में यह शतक उनके लिए काफी अहम माना जा रहा है। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में नियमित मौके का इंतजार कर रहे ऋतुराज ने एक बार फिर बल्ले से अपनी क्षमता साबित की है। ऋतुराज ने भारतीय सीनियर टीम के लिए पिछली बार कोई वनडे सीरीज 2025 में खेली थी। तब दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के दौरे पर आई थी। उस सीरीज के दूसरे वनडे में ऋतुराज ने 83 गेंद में 12 चौके और दो छक्के के साथ 105 रन की पारी खेली थी। इसके बाद इस सीरीज के तीसरे वनडे में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। इस सीरीज के बाद वह भारतीय वनडे टीम में वापसी नहीं कर सके। यानी शतक के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था।



### तिलक वर्मा के साथ की बड़ी साझेदारी

भारत-ए की पारी को मजबूती देने में कप्तान तिलक वर्मा ने भी अहम भूमिका निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 185 गेंदों में 150 रन की साझेदारी की। जब भारत का स्कोर 219/3 था, तब ऋतुराज ने अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा ने भी अर्धशतक जमाकर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला।

### इस मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) | 2 | 11 | 0 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी | 14 | 12 | 3 | 0 |
| प्रियांश आर्य | 32 | 32 | 4 | 1 |
| ऋतुराज गायकवाड़ | 101 | 114 | 6 | 3 |
| तिलक वर्मा (कप्तान) | 60 | 97 | 2 | 1 |

### भारत-ए की प्लेइंग इलेवन में कई युवा सितारे

भारत-ए की टीम में वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह, आयुष बदोनी, अर्शद खान और सूर्यांश शेडगे जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी अंशुल कंबोज, अनुकूल रॉय और विपराज निगम जैसे खिलाड़ियों के कंधों पर है। दूसरी ओर श्रीलंका-ए की टीम में निरोशन डिकवेला, अविष्का फर्नांडो और सदीरा समरविक्रमा जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। ऋतुराज का यह शतक ऐसे समय आया है जब भारतीय टीम में जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। ऐसे में डंबुला में खेली गई यह पारी चयनकताओं का ध्यान खींचने वाली साबित हो सकती है।

### भारत ने पहले बल्लेबाजी का लिया फैसला

पहले मुकाबले में भारत-ए के कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि टीम को शुरुआती झटके लगे, लेकिन इसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाल लिया। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज ने आक्रामक और संयमित बल्लेबाजी का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 112 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने छह चौके और तीन छक्के लगाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का 21वां शतक रहा।

# 4...4...4, तूफानी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए वैभव, श्रीलंका के खिलाफ इतने रन बना सके

**दांबुला।** भारत ए और श्रीलंका ए के मुकाबले में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक अंदाज में शुरूआत की और शुरूआती ओवरों में बेहतरीन चौके जड़े। हालांकि, शानदार लय में दिख रहे वैभव अपनी पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके और अच्छी शुरूआत के बावजूद अपेक्षाकृत कम रन बनाकर आउट हो गए। उनकी पारी ने एक बार फिर उनकी प्रतिभा की झलक दिखाई, लेकिन बड़े स्कोर से चूकने का मलाल भी छोड़ गई।'

श्रीलंका के दांबुला स्थित रंगीरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ए, श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के बीच खेली जा रही त्रिकोणीय वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी खेलने से चूक गए। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन शुरूआती झटके के बीच वैभव ने आक्रामक अंदाज में रन बनाने की कोशिश की। उन्होंने आते ही तीन शानदार चौके जड़कर अपने इरादे जाहिर किए, हालांकि अच्छी शुरूआत को वह बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके।



### वैभव ने लगाए तीन चौके

वैभव सूर्यवंशी ने जिम्मेदारी संभालते हुए कुछ आकर्षक शॉट लगाए। उन्होंने मोहम्मद शिराज के ओवर में लगातार दो चौके जड़े। पहला चौका पॉइंट की दिशा में शानदार बैकफुट ड्राइव के जरिए आया, जबकि दूसरा चौका कवर के ऊपर से खेला गया बेहतरीन शॉट था। इसके बाद अगले ओवर में चमिका करुणारत्ने की गेंद पर भी वैभव ने चौका लगाकर अपने इरादे साफ कर दिए।

### प्रभसिमरन भी खास नहीं कर सके

वैभव सूर्यवंशी ने 12 गेंदों में 14 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके शामिल रहे। हालांकि वह लंबी पारी नहीं खेल सके, लेकिन उनकी बल्लेबाजी ने एक बार फिर दिखाया कि उनमें शुरूआत से ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता है। वहीं, प्रभसिमरन सिंह भी दो रन बनाकर आउट हुए। खबर लिखे जाने तक छह ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 25 रन है। ऋतुराज गायकवाड़ और प्रियांश आर्य क्रीज पर हैं।

### कैच आउट हुए वैभव सूर्यवंशी

युवा बल्लेबाज तेजी से रन बना रहे थे और ऐसा लग रहा था कि वह बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन चौथे ओवर में श्रीलंका ए को बड़ी सफलता मिल गई। मोहम्मद शिराज की फुल लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में वैभव का बल्ला थोड़ा मुड़ गया और गेंद मिड-ऑफ की दिशा में चली गई। श्रीलंका ए के कप्तान सहान अराचिगे ने आगे की ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका और वैभव की पारी का अंत कर दिया।

# शिवम दुबे की तारीफ सुनकर अर्जुन तेंदुलकर क्यों हो गए भावुक

**मुंबई।** मुंबई टी20 लीग में आर्क्स अंधेरी की ओर से खेलते हुए अर्जुन तेंदुलकर ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और फिर नाबाद 66 रन बनाकर टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान शिवम दुबे ने उनकी तारीफ की, जिसे सुनकर अर्जुन के चेहरे के भाव सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए केवल एक मैच खेलने वाले अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई टी20 लीग में दमदार प्रदर्शन किया। सोमवार को आर्क्स अंधेरी और बांद्रा ब्लास्टर्स के बीच खेले गए मुकाबले में अर्जुन ने गेंद और बल्ले दोनों से अहम योगदान दिया। पहले गेंदबाजी करते हुए अर्जुन ने तीन ओवर में एक मेडन सहित 11 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। उनकी शानदार गेंदबाजी की मदद से बांद्रा ब्लास्टर्स की टीम 20 ओवर में 144/9 का स्कोर ही बना सकी।

**कप्तान शिवम दुबे की तारीफ पर वायरल हुआ रिएक्शन**

मैच के बाद आर्क्स अंधेरी के ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। वीडियो में कप्तान शिवम दुबे टीम के खिलाड़ियों की एक-एक कर सराहना करते नजर आते हैं।

दुबे ने सबसे पहले अर्जुन तेंदुलकर का नाम लेते हुए उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। अर्जुन का नाम सुनते ही उनके चेहरे पर भावनात्मक प्रतिक्रिया दिखाई दी। उनके हाव-भाव देखकर प्रशंसकों को लगा कि यह तारीफ उनके लिए काफी मायने रखती थी।

**दुबे ने इन खिलाड़ियों की भी की सराहना**

ड्रेसिंग रूम में शिवम दुबे ने अन्य खिलाड़ियों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम में एक नहीं बल्कि दो बैकबोन हैं। वे अजय मिश्रा और मुशीर खान हैं।' इसके बाद उन्होंने कहा, 'दिव्यांश ने शानदार शुरूआत दी और मुशीर ने विशेष पारी खेली।'

**116 रन की अटूट साझेदारी से दिलाई जीत**

145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्क्स अंधेरी को दिव्यांश सक्सेना (26) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद अर्जुन तेंदुलकर और मुशीर खान ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 116 रन की साझेदारी की। अर्जुन ने 34 गेंदों में नाबाद 66 रन बनाए, जबकि मुशीर खान ने 38 गेंदों में नाबाद 54 रन की पारी खेली। इन दोनों की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत आर्क्स अंधेरी ने 37 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज कर ली।

# विश्वकप शुरू होने से पहले ही बढ़ा विवाद, ईरानी फैंस को टिकट देने से किया इनकार? महासंघ का दावा

**तिजुआना।** फीफा विश्व कप के शुरू होने से पहले ही विवाद गहराता जा रहा है। अब ईरान फुटबॉल महासंघ ने दावा करते हुए कहा है कि फीफा ने उसके प्रशंसकों के लिए टिकट जारी करने से इनकार कर दिया है।

फीफा विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और फुटबॉल के रोमांच को शुरू होने में अब महज दो दिन शेष रह गए हैं। विश्व कप अभी शुरू भी नहीं हो पाया है कि इसमें विवाद का साया पड़ गया है। अंतिम समय में फीफा ने ईरान के फुटबॉल प्रशंसकों के टिकट देने से इनकार कर दिया है। देश के फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को ये दावा किया है।

**ईरान फुटबॉल महासंघ का आया बयान**

फीफा के इस देर से लिए गए फैसले की वजह से कई समर्थक स्टेडियम के बाहर ही रह जाएंगे, जबकि उन्होंने टूनामेंट के लिए यात्रा की तैयारी पहले ही कर ली थी। यह टूनामेंट अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में आयोजित किया जाएगा। एफएफआरआई ने बयान में कहा, ऐसा तब है जब ईरान के कई फुटबॉल प्रशंसक ने आधिकारिक तौर पर घोषित प्रक्रिया के आधार पर मैच देखने के लिए जरूरी तैयारी पहले ही कर ली थी। 2026 फीफा विश्व कप से पहले ईरान से जुड़े मुद्दों की बढ़ती लिस्ट में यह नया विवाद भी शामिल हो गया है।



# मेसी-रोनाल्डो को देखने के लिए लगाना होगा अलार्म!

## भारत में मैच कितने बजे से? 15 पॉइंटर्स में पूरा फीफा विश्वकप



**न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप 2026 इतिहास का सबसे बड़ा संस्करण बनने जा रहा है। पहली बार 48 टीमें इस टूनामेंट में हिस्सा लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से इसकी मेजबानी करेंगे। भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को मेसी, रोनाल्डो, एम्बाप्पे, बेलिंगहैम और विनीसियस जैसे सितारों को देखने के लिए देर रात और तड़के सुबह तक जागना पड़ सकता है। यहां जानिए टूनामेंट का पूरा फॉर्मेट, शेड्यूल, ग्रुप्स, भारतीय समयानुसार मैचों की टाइमिंग और बड़े मुकाबलों की जानकारी।

फीफा विश्व कप 2026 को शुरू होने में अब बस दो दिन का वक्त रह गया है। 11 जून से शुरू हो रहा यह टूनामेंट, सिर्फ एक टूनामेंट नहीं, बल्कि फुटबॉल इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन बनने जा रहा है। पहली बार 32 की जगह 48 टीमें मैदान में उतरेंगी। टूनामेंट की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से करेंगे। लगभग ढाई वर्षों तक चले क्वालिफिकेशन मुकाबलों के बाद जाकर 48 टीमों की तस्वीर साफ हो सकीं। इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे, जो विश्व कप इतिहास में सबसे अधिक हैं। मुकाबले 16 अलग-अलग शहरों में आयोजित होंगे और टूनामेंट 39 दिनों तक चलेगा। फीफा के छह महाद्वीपीय संघों (कन्फेडरेशन) के जरिए टीमों का चयन हुआ। इस बार सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि छोटे देशों को भी मौका मिला। पहले जहां वर्ल्ड कप में जगह बनाना मुश्किल होता था, टीमों की संख्या बढ़ने से नए देशों के लिए दरवाजे खुले। इससे टूनामेंट और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन गया है। मेजबान होने के कारण अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको को सीधे एंट्री मिली। बाकी टीमों को लंबे क्वालिफाइंग टूनामेंट और प्लेऑफ से गुजरना पड़ा।

### आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में बदलाव

**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई मेडिकल टीम और टीम मैनेजमेंट के साथ चर्चा के बाद उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम देने का फैसला लिया गया। चयन समिति ने उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को दोनों सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। बोर्ड के अनुसार यह फैसला मेडिकल टीम और टीम मैनेजमेंट के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। बीसीसीआई ने बताया कि सिराज को लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले पर्याप्त आराम और रिकवरी का समय देने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह पूरी तरह एहतियाती फैसला है, ताकि वह आगामी महत्वपूर्ण मुकाबलों के लिए पूरी तरह फिट रह सकें। प्रसिद्ध कृष्णा को मिला मौका पुरुष चयन समिति ने सिराज की जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भारतीय टीम में शामिल किया है। प्रसिद्ध अब आयरलैंड और इंग्लैंड दोनों टी20 सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। प्रसिद्ध कृष्णा इससे पहले भी भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेल चुके हैं और अपनी अतिरिक्त उछाल तथा गति के लिए जाने जाते हैं। चयनकताओं को उम्मीद होगी कि वह सिराज की गैरमौजूदगी में गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगे।

# ज्वेरेव की जीत टेनिस की सबसे प्रेरणादायक कहानी? जोकोविच ने पोस्ट से जीता दिल

**पेरिस।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन 2026 जीतकर अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वर्षों की असफलताओं, गंभीर चोटों और टाइप-1 डायबिटीज जैसी चुनौती से जूझने के बाद मिली इस सफलता पर नोवाक जोकोविच ने भावुक संदेश लिखा। जोकोविच ने ज्वेरेव की संघर्षपूर्ण यात्रा को सलाम करते हुए कहा कि उन्होंने आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आखिरकार अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। रोलां गैरोस (फ्रेंच ओपन) के फाइनल में उन्होंने इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7 (5-7), 6-1 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। चार घंटे 16 मिनट तक चले इस मुकाबले के बाद ज्वेरेव कोर्ट पर ही भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े। इस जीत के साथ वह 1996 में बोरिस बेकर के बाद ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले जर्मन पुरुष खिलाड़ी बन गए।

**जोकोविच ने लिखा भावुक संदेश:** फाइनल के एक दिन बाद टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोशल मीडिया पर ज्वेरेव के लिए भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने बताया कि वह ज्वेरेव को तब से जानते हैं जब वह सिर्फ 10 साल के थे। जोकोविच ने लिखा, 'साशा, मैं तुम्हें तब से जानता हूं जब तुम 10 साल के थे। मैंने तुम्हारे परिवार के साथ वर्षों तक सम्मान और दोस्ती का रिश्ता साझा किया है।'



उन्होंने आगे कहा, 'कम उम्र से बीमारी से लड़ते हुए और उन आलोचकों को जवाब देते हुए जिन्होंने कहा था कि तुम कभी ग्रैंड स्लैम नहीं जीत पाओगे, यह खिताब और भी खास बन जाता है।'

**टाइप-1 डायबिटीज से जंग जीतकर बने चैंपियन**

ज्वेरेव चार साल की उम्र से टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित हैं। हालांकि उन्होंने इस बीमारी के बारे में सार्वजनिक रूप से 2022 में खुलासा किया था। इसके बाद उन्होंने इस बीमारी से जूझ रहे बच्चों की मदद के लिए अपनी फाउंडेशन भी शुरू की। जोकोविच ने ज्वेरेव के परिवार की भावनाओं का जिक्र करते हुए लिखा, 'तुम्हारे माता-पिता, भाई और टीम के साथ खुशी के आंसू देखकर मैं भी भावुक हो गया। तुम इस सफलता के पूरी तरह हकदार हो।'

# फिटनेस टेस्ट में पास हुए रोहित और हार्दिक क्या अब आलोचकों को अपने खेल से देंगे जवाब

**बंगलूरू।** भारत के वरिष्ठ बल्लेबाज रोहित शर्मा और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। रोहित ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया, जिसके बाद उनके चयन पर लगी अनिश्चितता खत्म हो गई। आईपीएल 2026 में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कुछ मैच मिस करने वाले रोहित के लिए यह सीरीज 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।

भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले बड़ी राहत मिली है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) की स्पोर्ट्स साइंस टीम ने फिट घोषित कर दिया है। इसके साथ ही स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी खेलने की मंजूरी मिल गई है।



रोहित आईपीएल 2026 के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए थे। इस चोट के कारण उन्हें पांच मुकाबले मिस करने पड़े थे। हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की, लेकिन अधिकांश मैचों में वह इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका में नजर आए और फील्डिंग नहीं कर पाए थे। ऐसे में उनके 50 ओवर के क्रिकेट के लिए पूरी तरह फिट होने को लेकर सवाल बने हुए थे।

**चयन के समय भी लगी थी फिटनेस की शर्त:** जब अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा हुई थी, तब बीसीसीआई ने साफ किया था कि रोहित की उपलब्धता फिटनेस क्लियरेंस पर निर्भर करेगी। यही वजह थी कि उनके नाम के साथ एक तरह का संशय बना हुआ था। अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल और स्पोर्ट्स साइंस टीम ने उन्हें पूरी तरह फिट मानते हुए खेलने की अनुमति दे दी है।

# क्या स्टोक्स से छीनी जाएगी इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी



**लंदन।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन एक नाइटक्लब में हुई घटना के कारण जांच के घेरे में आ गए हैं। एउइ ने इसे टीम प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया है और मामला क्रिकेट रेगुलेटर को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह मामला इतना गंभीर है कि स्टोक्स अपनी कप्तानी को लेकर भी विचार कर रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों के दूसरे टेस्ट से बाहर रहने की संभावना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ ही घंटों बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम एक नए विवाद में घिर गई है। टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन पर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (एउइ) ने जांच शुरू कर दी है। दोनों खिलाड़ी सोमवार तड़के एक नाइटक्लब में मौजूद थे, जहां कथित तौर पर एक घटना हुई, जिसे ईसीबी ने टीम प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना है। ईएसपीएन-क्रिकइनफो की रिपोर्ट के मुताबिक, ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि पहले टेस्ट की समाप्ति के बाद टीम प्रोटोकॉल के उल्लंघन की जांच की जा रही है। बोर्ड ने पुष्टि की कि बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन उस समय नाइटक्लब में मौजूद थे।

# गाजियाबाद आसपास




## संकट मोचन मंदिर में बरस रहा है श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव में आस्था और श्रद्धा का रंग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलाधाम पार्क संकट मोचन मंदिर एल.के.डी. ब्लॉक कविनगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्व में श्रद्धा और आस्था का रंग बरस रहा है। कथा व्यास पंडित बिजेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन वालों के परम सानिध्य में यह महोत्सव चल रहा है। महोत्सव की शुरूआत 5 जून को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। संकट मोचन मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव का आयोजन पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर किया गया है। 11 जून को कथा समापन होगा। 12 जून को पूर्ण आहूति हवन तथा विशाल भंडारा भी आयोजित किया जायेगा। कथा महोत्सव में क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंच रहे हैं।

## प्रस्तुति दैनिक करंट क्राइम — ज़ुबान संभाल के



**सुभाष शर्मा | वरिष्ठ संवाददाता**

### ना वबाग का पता ना विभाग का पता उन्हें है बस केवल विवाद का पता

कहने को फ्लॉवर वाले एक परिवार के हैं मगर जबसे कुनबा एक्सटेंशन हुआ है तब से टेंशन ही फ्लॉवर फ्रेंडली में देखने को मिल रही है। नामितों की उछल कूद से निर्वाचित परेशान हैं। वहीं नामितों का भी अपना तर्क है। वो भी कह रहे हैं कि हमारे पास भी लोग आते हैं। हमारे पास भी वर्क है। हमें सरकार ने बनाया है और परेशान ये हो रहे हैं। अगर हम बने हैं तो फिर हम विभाग में भी आयेंगे और पब्लिक की समस्या का समाधान भी करायेंगे। वो एक वार्ड के जनप्रतिनिधि हैं और हम पूरे शहर में कहीं भी विकास करा सकते हैं। मगर यहां यक्ष प्रश्न एक निर्वाचित ने ही रखा और उसने कहा कि अनुभव भी कोई चीज होती है। उन्होंने बताया कि सीवर से लेकर पम्प तक जम्प तो ये पूरी लगा रहे हैं, सेवा का फीवर भी पूराहै मगर मैं आपको बता दूं कि इन्हें वबाग का पता है ना इन्हें विभाग का पता है, इन्हें केवल विवाद का पता है। विवाद भी विपक्ष से नही बल्कि अपनों से इन्हें करना है।

### अगर काम बोल रहे है तो फिर नेता जी क्यों घर घर डोल रहे हैं

फूल वाले भी कम नहीं है और एक बार को दूसरे दल वाले को छोड़ सकते हैं लेकिन अपने दल वाले की तफरी पूरी लेते हैं। वो पूरा ऑबजर्व करते हैं कि क्या चल रहा है। क्या क्या काम हुए हैं ये बताने के लिए नेता जी बाजार चले गये। बताते हैं कि ये बताना था कि क्या काम किया है और फूल वालों को लग रहा था कि मूल वालों की दुकान पर आयेंगे लेकिन नेता जी तो ओल्ड कांग्रेसी की दुकान पर पहुंच गये। सुना है ये बात फ्लॉवर वालों के दिल पर जा लगी। उन्होंने दो तीन जगह फ ोन घुमाये और अपने दिल के उद्गार बताये। कह दिया कि क्या हम इतना भी डिजर्व नहीं करते कि वो हमारे यहां आते। इतनी बात पर अति वरिष्ठ भाजपाई ने कहा कि भई बाकी बात का तो मुझे पता नहीं लेकिन यहीं कहते थे कि काम बोलता है। अब कोई बतायेगा कि अगर काम बोल रहा है तो हमारा ये नेता क्यों मकान-मकान दुकान-दुकान डोल रहा है। काम किये हैं तो वैसे ही दिखायी दे जायेंगे। इसके लिए बाजार में दुकानों पर जाकर बताना क्यों पड़ रहा है।

### उनके घर पर लगा था मेला मौजूद थे दो वोटर और 6 उनके चेला

तीन सौ से कम वोट हैं मगर गजब का महासंग्राम इस रामलीला की महाभारत में दिखाई देता है। एक खेमा अपने महारथियों को घोषित कर चुका, दूसरा खेमा अभी अपने पत्ते शो नहीं कर रहा है। रणभेरी बजने से पहले एक खेमा तैयार है। सुना है एक लाला जी तो डिजिटली लेफ्ट हो गये। हालाकि ये डिजिटल गलती बाई मिस्टेक बताई जा रही है। लेकिन कहने वालों ने ये भी कहा कि लाला जी ये क्या बात हुई एक तरफ तो आप प्रधानी का एलान कर रहे हों और दूसरी तरफ सारी कहानी को ही मोल्ड कर रहे हो। अंदर की कहानी बाहर निकलकर आ गयी है और चुनावी पंचायत में गये एक पंच ने बता दियाकि क्या हुआ था। उसने बताया कि भावी प्रधान ने मेला तो जोड़ लिया मगर वहां तो केवल गिनती के दो वोटर थे और 6 चेले थे। ऐसे भला चुनाव थोड़ी होता है। हालाकि अभी चुनावी डेट दूर है और देखो क्या प्लान सेट होता है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना बनी सहारा
## आर्थिक मदद से मिला बेहतर पोषण और सुरक्षित मातृत्व

### पहली गर्भावस्था में कल्याणी को मिला योजना का लाभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) गर्भवती महिलाओं के लिए संबल साबित हो रही है। जनपद के रजापुर ब्लॉक स्थित ग्राम समयपुर निवासी श्रीमती कल्याणी पत्नी शैलेंद्र सिरोही की कहानी इस योजना की सफलता को दशार्ती है, जिसने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को गर्भावस्था के दौरान राहत प्रदान की। कल्याणी ने बताया कि उनके पति दिहाड़ी मजदूर होने के साथ खेती का कार्य भी करते हैं। परिवार की सीमित आय के कारण गर्भावस्था की जानकारी मिलने पर उन्हें आर्थिक चिंताओं का सामना करना पड़ा। यह उनकी पहली गर्भावस्था थी और ऐसे समय में उन्हें गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी मिली।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने दी योजना की जानकारी :** कल्याणी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर अपना पंजीकरण कराया। प्रथम एएनसी जांच के बाद योजना में पंजीकरण होने पर उन्हें पहली किस्त के रूप में 3,000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस धनराशि से गर्भावस्था के दौरान बेहतर पोषण और पर्याप्त आराम मिल सका। प्रसव तथा शिशु के पहले चार माह के पूर्ण टीकाकरण के बाद उन्होंने दूसरी किस्त के लिए आवेदन किया, जिसके तहत उन्हें 2,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्राप्त हुई।

### स्वस्थ शिशु के जन्म के बाद दूसरी महिलाओं को भी कर रहीं जागरूक

#### अब दूसरों को भी बता रहीं योजना का लाभ



**करंट क्राइम।** कल्याणी ने बताया कि आज उनका बच्चा स्वस्थ है और वह सरकार की इस योजना के लिए आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा कि अब वह अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी इस योजना की जानकारी दे रही हैं ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।

#### महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा देने वाली योजना

**करंट क्राइम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण मातृत्व लाभ योजना है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को 5,000 से 6,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान महिलाओं को बेहतर पोषण उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मजदूरी के नुकसान की आंशिक भरपाई कर मातृत्व को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना है।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम में गाजियाबाद प्लाईवुड व्यापारियों ने लिया हिस्सा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को हापुड़ मोड़ स्थित प्लाईवुड मार्किट में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा प्लाईवुड व्यवसाय से जुड़े हुए सवाल पूछे गए। व्यापारियों के सवालों का विनय प्रकाश गौतम, उपायुक्त, राज्य कर, खंड-3 गाजियाबाद व अन्य अधिकारियों ने जवाब दिए। व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों को जीएसटीआईएन से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना तथा प्लाईवुड व्यवसाय से संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा उठाई गई शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान भी विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। विनय प्रकाश गौतम ने व्यापारियों को कर संबंधी नियमों का पालन करने, समय से रिटर्न दाखिल करने तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन एवं व्यापारियों के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम में प्लाईवुड व्यवसाय से जुड़े व्यापारी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## श्रीराम कथा के सातवें दिन हुआ भरत मिलाप और पंचवटी गमन प्रसंग का वर्णन






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्रीराम कथा के सातवें दिन चित्रकूट धाम के कथावाचक पं. श्री कृष्ण प्रताप तिवारी ने भरत मिलाप से लेकर पंचवटी गमन तक के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि जब भरत गुरु वशिष्ठ और अयोध्या वासियों के साथ चित्रकूट पहुंचे तो भगवान राम ने उन्हें गले लगाकर नीति समझाई। राम ने कहा कि भरत, 14 वर्ष तक तुम्हें ही अयोध्या का राज चलाना है। अयोध्यावासियों को अपने परिवार की तरह समझकर शासन करना। भरत ने कहा कि सिंहासन आपका है, मैं उस पर नहीं बैठूंगा। आप अपनी खड़ाऊं दे दें। खड़ाऊं सिंहासन पर रखकर मैं भी संन्यासी वेश में कुटिया में रहकर राजकाज चलाऊंगा। भगवान राम ने खड़ाऊं देकर भरत और सभी को विदा किया। इसके बाद भगवान राम अगस्त्य मुनि के आश्रम पहुंचे। मुनि ने राम को समस्त विद्याओं और दिव्य अस्त्रों का ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि राम, तुम्हें आगे संसार के कष्ट हरने के लिए बड़े युद्ध लड़ने हैं, इसलिए यह ज्ञान आवश्यक है।

कंद-मूल फल खाकर समय बिताने के बाद राम, लक्ष्मण और माता सीता चित्रकूट के वनों से दक्षिण की ओर चल दिए। वहां रावण की बहन शूर्पणखा और भयंकर राक्षस निवास करते थे। वन में पहुंचकर दोनों भाइयों ने पहले कुटिया बनाई। फिर माता सीता सहित राम-लक्ष्मण ने वनों का अवलोकन कर कुटिया में विश्राम किया। आज के यजमान ओम प्रकाश शर्मा रहे। कथा में निगम पार्षद राजीव भाटी, युग गुर्जर, नीलेश मित्तल, हरि अग्रवाल, राज किशन अग्रवाल, सुभाष शर्मा, रामबीर शर्मा, सतीश चौधरी, जेपी सिंह, किरणपाल भाटी, राधेश्याम बघेल, एमपी गोयल सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। कथा का समापन जय श्रीराम के जयकारों से हुआ।

## 20 केंद्रों पर 9,755 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 69.60 रही उपस्थिति



**नोएडा।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा मंगलवार को जिले के 20 केंद्रों पर दो पालियों में हुई। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। पहली पाली में 7,008 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4,805 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, दूसरी पाली में निर्धारित 7,008 अभ्यर्थियों में से 4,950 ने ही परीक्षा दी। दोनों पालियों से 9,755 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 4,261 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

जिले के प्रमुख परीक्षा केंद्रों में भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज तिलपता, भवानी शंकर इंटर कॉलेज नोएडा, बिहारी लाल इंटर कॉलेज दनकौर, चौधरी केशराम इंटर कॉलेज हबीबपुर, गवर्नमेंट आईटीआई बादलपुर, गवर्नमेंट आईटीआई दादरी, गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज सेक्टर-39 नोएडा, गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज सेक्टर-51, जनता इंटर कॉलेज, केएम मायावती राजकीय महाविद्यालय, नवजीवन इंटर कॉलेज, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज तथा अन्य शिक्षण संस्थान शामिल रहे।

## 41 खिलाड़ियों ने दिखाए दांवपेच

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में मंगलवार को प्रथम कैम्ब्रिज स्कूल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आगाज हुआ। 11 जून तक चलने वाली प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन अंडर-7 और अंडर-13 के मुकाबलों में 28 स्कूलों और अकादमियों के 41 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आकर्षण सबसे कम उम्र की प्रतिभागी प्रेक्षा दत्ता रहीं, जिनकी उम्र मात्र तीन वर्ष नौ माह है। प्रेक्षा ने अपने वर्ग में तीसरा स्थान हासिल कर सभी को प्रभावित किया।

वहीं, चार वर्ष नौ माह के अनिरुद्ध भी प्रतियोगिता के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलता के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने सेवा सुशासन तथा गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर आयोजित वर्चुअल बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष भी मौजूद रहे। एमएलसी दिनेश गोयल ने सफलता की खुशी, कार्यकाल की गरीमा और राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय महामंत्री के सानिध्य को फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## निशानेबाजी: गाजियाबाद के विज्यांश को दोहरा स्वर्ण
## अजय प्रमुख के छोटे बेटे ने व्यक्तिगत श्रेणी में जीता सोना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के प्रोमिथियस स्कूल में आयोजित 30वीं प्री यू.पी. स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गाजियाबाद के विज्यांश चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक जीता है। अजय प्रमुख के छोटे बेटे विज्यांश ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 571 अंक पाकर व्यक्तिगत श्रेणी में सोना जीता।

इसके साथ ही, गाजियाबाद शूटिंग क्लब (कवि नगर) का प्रतिनिधित्व करते हुए विज्यांश चौधरी, हर्षित कर्दम और रुद्र कर्दम की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सीबीएसई और एसजीएफआई के पूर्व पदक विजेता विज्यांश की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी का भव्य स्वागत
### जापान में तिरंगा लहराकर लौटे गाजियाबाद के करन गौतम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जापान में आयोजित पुरुष अंडर-18 एशिया कप 2026 की विजेता भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी करन गौतम का सोमवार को गृह जनपद लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल और 'हॉकी गाजियाबाद' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह में उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 'अटैकिंग सेंटर हॉफ' के रूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले करन गौतम ने अपनी सफलता का श्रेय जेकेजी स्कूल प्रबंधन, अपने कोच पंकज शर्मा और हॉकी गाजियाबाद के पदाधिकारियों को दिया।

इस अवसर पर जेकेजी ग्रुप के चेयरमैन व हॉकी गाजियाबाद के अध्यक्ष जे.के. गौड़, डायरेक्टर डॉ. करुण गौड़ और प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने कहा कि करन ने कक्षा 7 तक इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है।

उन्होंने एशिया कप में भारत को चैंपियन बनाकर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और पूरे देश का नाम रोशन किया है, जो देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह में वरुण गौड़, राकेश शर्मा, कमलकांत, राजीव त्यागी, पंकज त्यागी और नरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फिलीपींस में आए विनाशकारी भूकंप से करीब 20 हजार लोग बेघर, अब तक 37 की मौत, चार लापता

**मनीला।** साल 1976 में आए विनाशकारी भूकंप की त्रासदी के बाद एक बार फिर फिलीपींस भूकंप के झटकों से थरार्या। बीते दिन (8 जून) को 7.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 37 लोग मारे गए जबकि तकरीबन 20,000 लोग बेघर हो गए हैं। अभी भी चार लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस दौरान समुद्र में उठी तेज लहरों ने भी खूब तबाही मचाई।






फिलीपींस की सबसे ज्यादा आबादी वाले द्वीप में दूसरे नंबर पर आने वाले मिंडानाओ के पास आए भूकंप ने पूरे शहर को तहस-नहस कर दिया है। सोमवार को आए भूकंप में जहां 37 लोगों की मौत हो गई वहीं लगभग 500 लोग घायल हैं। भूकंप के बाद रही सही कसर समुद्र में उठने वाली लहरों ने पूरी कर दी, जानकारी के मुताबिक, तेज समुद्री लहरों से तट के आस-पास के घर पूरी तरह नष्ट हो गए।

फिलहाल, इलाके में लगातार बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस प्राकृतिक आपदा के एक दिन बाद यानी आज मंगलवार को बचाव दल धराशायी हुई इमारतों में जीवन तलाशते नजर आए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अभी भी चार लोग ही लापता हैं। सिविल डिफेंस ऑफिस के अधिकारियों का मानना है कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त इमारतों की ठीक तरह से जांच की जानी चाहिए, जिससे जीवित बचे लोगों की या हताहत हुए लोगों का पता लगाया जा सके।

**एक झटके में बेघर हुए 20,000 से ज्यादा लोग**

मिंडानाओ के पास आए इस भूकंप में सरकारी इमारतों और स्कूलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस आपदा से प्रभावित अधिकतर लोगों को इमरजेंसी शेल्टर में भेजा गया है। बताया जा रहा है कि फिलीपींस में ज्वार के स्तर से 1.4 मीटर यानी लगभग 4.6 फीट ऊंची लहरें मापी गईं। सुनामी जैसी स्थिति के कारण एक तटीय गांव में बने कई कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। समुद्र से उठी छोटी लहरों का असर इंडोनेशिया, पलाऊ और यहां तक कि दक्षिणी जापान के तटों तक भी देखने को मिला है।

**मृतकों का आंकड़ा बढ़ा, अब तक 37 मौतों की पुष्टि**

भूकंप की इस भारी तबाही में जनरल सैंटोस भी शामिल रहा। ये सात लाख से ज्यादा आबादी वाला तटीय शहर है और देश की 'टूना राजधानी' के रूप में जाना जाता है। इस जगह पर काफी संख्या में इमारतें गिरीं, जिससे यहां मौत का आंकड़ा 13 तक पहुंच गया है। सिविल डिफेंस ऑफिस के राफेलिटो एलेजांद्रो की मानें तो सरंगानी प्रांत में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है। इनमें से अधिकतर मौतें भूस्खलन के कारण हुई बताई जा रही हैं। आपदा-प्रबंधन के अनुसार अन्य मौतें दक्षिणी राज्यों- साउथ कोटाबाटो और दावाओ ऑक्सीडेंटल और बालुट द्वीप पर हुई हैं।

**नुकसान का आंकलन करने में जुटे अधिकारी:** सरकार के अनुसार, इस आपदा के कारण लगभग 2000 मकान और 117 सरकारी इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इसके साथ ही जनरल सैंटोस में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बंद रहा जिस कारण से 63 घरेलू उड़ानें भी रद्द करनी पड़ गईं। शुरूआती आंकड़ों में भारी नुकसान की संभावना जताई जा रही है।

# 'अदालतों पर बोझ कम करने की जरूरत', सीजेआई सूर्यकांत बोले- अब विवाद नहीं, समाधान पर होना चाहिए फोकस

**लंदन।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि दुनिया भर में बढ़ते कानूनी विवादों के बीच अब समय आ गया है कि अदालतों में लंबी लड़ाई के बजाय आपसी सहमति से समाधान पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता यानी मेडिएशन अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरी व्यवस्था बन चुकी है। ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता प्रक्रिया अब कई तकनीकी और कानूनी अड़चनों का सामना कर रही है।

## आखिर सीजेआई सूर्यकांत ने क्या बड़ा संदेश दिया?

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मेडिएशन, आर्बिट्रेशन और अदालतें विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि कंपनियों और कानूनी संस्थाओं को अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह नहीं होना चाहिए कि मामला कहां लड़ा जाए, बल्कि यह होना चाहिए कि विवाद का



समाधान कैसे निकाला जाए। उनके मुताबिक लंबे कानूनी संघर्ष से समय, पैसा और संसाधन तीनों का नुकसान होता है।

## मध्यस्थता को क्यों बताया गया जरूरी?

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मेडिएशन के जरिए विवादों का जल्दी और शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अदालतों में मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है और ऐसे में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली बेहद जरूरी हो गई है। उनके मुताबिक इससे दोनों पक्षों के रिश्ते भी बेहतर बने रहते हैं और फैसले लंबे समय तक टिकाऊ साबित होते हैं।

## आर्बिट्रेशन प्रक्रिया में क्या दिक्कतें सामने आ रही हैं?

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्बिट्रेशन अब प्रक्रियागत बाधाओं में उलझता जा रहा है। कई मामलों में कानूनी तकनीकी कारणों से विवाद जल्दी खत्म नहीं हो पाते। उन्होंने कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया आसान और तेज नहीं होगी, तो कंपनियों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में हुए इस कार्यक्रम में भारत और इंग्लैंड की कानूनी प्रणालियों में बढ़ते सहयोग और व्यावसायिक विवादों के समाधान पर चर्चा हुई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आधुनिक दौर में अदालतों की भूमिका सिर्फ फैसला सुनाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाधान निकालने की दिशा में भी काम होना चाहिए।

# संभल जाओ वरना...', क्या ट्रंप की चेतावनी के बाद ईरान पर इस्राइल ने टाला हमला

**वॉशिंगटन।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद इस्राइल बड़े जवाबी हमले की तैयारी में था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के बाद इस योजना को रोक दिया गया।



ट्रंप ने नेतन्याहू को सावधान रहने की सलाह दी और कहा कि अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते की बातचीत अंतिम चरण में है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू को ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य हमले से बचने की सलाह दी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने नेतन्याहू से फोन पर कहा, 'बीबी, तुम्हें सावधान रहना चाहिए, नहीं तो जल्द ही तुम अकेले पड़ जाओगे'। यह बातचीत ऐसे समय हुई जब इस्राइल ईरान के कई संवेदनशील ठिकानों पर बड़े पैमाने पर जवाबी हमले की तैयारी कर रहा था। बताया गया कि ट्रंप की दखल के बाद नेतन्याहू ने बड़े हमले की योजना को फिलहाल रोकने पर सहमति जताई, बशर्ते ईरान आगे कोई नया हमला न करे। दो महीने पहले हुए युद्धविराम के बाद पहली बार ईरान और इस्राइल के बीच फिर से तनाव बढ़ा था। रविवार को ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलें दागीं, जिसके जवाब में इस्राइल ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

**नेतन्याहू से ट्रंप ने क्या की अपील:** ट्रंप ने कहा कि उन्होंने नेतन्याहू को कोई सीधा आदेश नहीं दिया, बल्कि समझदारी से काम लेने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश चल रही है और ऐसे समय में बड़े सैन्य हमले से बातचीत प्रभावित हो सकती है।

# 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया, ओमान तट पर मिसाइल हमले के बाद टैंकर में लगी थी आग

**मस्कट।** ओमान के मसिराह तट के पास तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स पर मिसाइल हमला हुआ। जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए एमआरसीसी मुंबई ने तुरंत ओमान की एजेंसियों से संपर्क किया। ओमान नौसेना के हेलीकॉप्टरों ने सभी नाविकों को सुरक्षित बचा लिया। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

ओमान के तट के पास एक व्यापारी तेल टैंकर पर हुए मिसाइल हमले के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया। यह सफल अभियान भारत और ओमान के बीच समुद्री बचाव सहयोग का एक बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



**मसिराह तट के पास हुआ मिसाइल हमला:** जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2:20 बजे मुंबई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी मुंबई) को सूचना मिली कि पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स पर ओमान के मसिराह तट के पास मिसाइल हमला हुआ है। उस समय जहाज पर कुल 24 चालक दल के सदस्य मौजूद थे और सभी भारतीय नागरिक थे। यह सूचना जहाज पर मौजूद एक नाविक के परिजन द्वारा एमआरसीसी मुंबई को दी गई थी।

**एमआरसीसी मुंबई ने ओमान से तुरंत किया संपर्क**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमआरसीसी मुंबई ने तुरंत ओमान के समुद्री खोज एवं बचाव केंद्र (ओएमएससी) से संपर्क किया और जहाज तथा उसके चालक दल को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके बाद ओमान की एजेंसियों ने तेजी से कार्रवाई शुरू की। बचाव अभियान के तहत ओमान ने आसपास मौजूद एक जहाज को घटनास्थल की ओर भेजा और दो बचाव हेलीकॉप्टर भी तैनात किए। पूरे अभियान के दौरान एमआरसीसी मुंबई, ओएमएससी ओमान और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच लगातार संपर्क बना रहा ताकि चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शाम करीब पांच बजे ओमान के समुद्री बचाव केंद्र ने पुष्टि की कि ओमान नौसेना के हेलीकॉप्टरों ने सभी 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

# नाइट्रोजन गैस से मौतः सम्मान से मृत्युदंड देने पर छिड़ी बहस

## - दम घोंटकर मारने के तरीके पर अदालत ने पूछा सवाल

**मॉन्टगोमेरी।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने अलबामा में नाइट्रोजन गैस से दी जाने वाली फांसी पर चिंता जताते हुए कहा कि यह जांच जरूरी है कि क्या यह तरीका क्रूर और असामान्य सजा की श्रेणी में आता है। हालांकि अदालत ने गुरुवार को होने वाली कैदी जेफरी ली की फांसी पर फिलहाल रोक नहीं लगाई।

अमेरिका के अलबामा राज्य में नाइट्रोजन गैस के जरिए दी जाने वाली फांसी को लेकर कानूनी विवाद और गहरा गया है। एक संघीय अपीलीय अदालत ने सोमवार को कहा कि इस तरीके पर और अधिक अध्ययन की जरूरत है, ताकि यह तय किया जा सके कि क्या यह अमेरिकी संविधान



में प्रतिबंधित 'क्रूर और असामान्य सजा' की श्रेणी में आता है या नहीं। यह फैसला ऐसे समय आया है जब मौत की सजा पाए कैदी जेफरी ली को गुरुवार को नाइट्रोजन गैस के जरिए फांसी दी जानी है। 58 वर्षीय जेफरी ली ने इस फांसी के तरीके को अदालत में चुनौती दी हुई है।

अलबामा ने साल 2024 में पहली बार नाइट्रोजन गैस के जरिए फांसी देने की शुरूआत की थी। इस प्रक्रिया में कैदी के चेहरे पर एक विशेष मास्क लगाया जाता है और उसे सांस लेने योग्य हवा की जगह शुद्ध नाइट्रोजन गैस दी जाती है।

# भारतीय फलों पर सख्तीः जापान के बाद नेपाल ने लगाया भारत के आमों पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल ने भारतीय आमों के आयात पर सख्ती दिखाते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले जापान ने भी भारतीय आमों पर रोक लगा दी थी। आईए जानते हैं क्या है इसकी वजह ?

नेपाल ने भारतीय आमों के आयात पर प्रतिबंध लगाया है। एक अधिकारी ने बताया कि इन फलों में कथित तौर पर अधिक मात्रा में कीटनाशक पाए जाते हैं। इसके साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में संगरोध सुविधाओं की कमी है। प्रतिबंध के कारण, स्थानीय बाजार अब घरेलू स्तर पर उगाए गए आमों से भरे पड़े हैं। ग्रीष्म ऋतु में आमों की अधिक मांग रहती है। हाल ही में जापान ने भी भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था।



मधेस प्रांत के भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारिता मंत्रालय के सूचना अधिकारी अजय ग्यावली ने कहा कि भारत से आमों के आयात पर प्रतिबंध ने स्थानीय किसानों को प्रोत्साहित किया है, क्योंकि इस मौसम में उन्हें भारतीय फलों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करनी पड़ेगी।

**'भारत से आमों का आयात करना जरूरी':** हालांकि, उन्होंने कहा कि देश भर में आमों की मांग को पूरा करने के लिए घरेलू उत्पादन अपर्याप्त हो सकता है। ग्यावली के अनुसार, मधेश प्रांत के सिराहा, सप्तरी और धनुषा जिले आम के प्रमुख उत्पादक हैं। नेपाल में आमों का उत्पादन मई के मध्य से जुलाई के मध्य तक होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध से आम पर आधारित कुछ उद्योगों, जैसे फलों के रस निमार्ताओं, पर भी असर पड़ सकता है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, पूरे वर्ष फलों की मांग को पूरा करने के लिए भारत से आमों का आयात करना जरूरी है, क्योंकि नेपाली आमों का उत्पादन केवल दो महीनों तक ही सीमित है।

**'संगरोध प्रणालियों को मजबूत किया जाए':** जनकपुरधाम में फल और सब्जी व्यापारी संघ के महासचिव भुवनेश्वर पुरबे ने कहा कि भारतीय आयात को रोकने से घरेलू बाजार में कमी हो सकती है।

द राइजिंग नेपाल दैनिक के अनुसार, उन्होंने सरकार को सलाह दी कि आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बजाय संगरोध प्रणालियों को मजबूत किया जाए और उचित गुणवत्ता परीक्षण के बाद भारतीय फलों को नेपाली बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए।

# नॉर्डिक-बाल्टिक सम्मेलनः एस्टोनिया पहुंचे वोलोदिमिर जेलेंस्की

## रूस पर दबाव बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**ताल्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की नॉर्डिक-बाल्टिक देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एस्टोनिया पहुंचे। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब रूस और यूक्रेन के बीच हमले और जवाबी हमले जारी हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की मंगलवार को एस्टोनिया पहुंचे। वह यहां नॉर्डिक और बाल्टिक देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और एस्टोनियाई समकक्ष अलार कारिस से मुलाकात करेंगे। एस्टोनिया के सरकारी प्रसारक ईआरआर ने यह जानकारी दी।

एस्टोनिया की राजधानी ताल्लिन में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस समय एस्टोनिया एनबी8 समूह की अध्यक्षता कर रहा है। एनबी8 में पांच नॉर्डिक और तीन बाल्टिक देश शामिल हैं। सम्मेलन में इन देशों के प्रधानमंत्रियों के साथ जेलेंस्की भी शामिल हुए हैं।

जेलेंस्की के साथ उनकी पत्नी ओलेना जेलेंस्का भी एस्टोनिया पहुंची हैं। एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने स्वागत करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट की। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब यूक्रेनी ड्रोन हमलों को लेकर इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। पिछले कुछ महीनों में कई यूक्रेनी ड्रोन गलती से इस क्षेत्र में पहुंचे हैं। वहीं, यूक्रेन ने बाल्टिक सागर के उन बंदरगाहों पर हमले तेज कर दिए हैं, जहां से रूस तेल का निर्यात करता है। यूक्रेन चाहता है कि इन हमलों से रूस को आर्थिक नुकसान हो और उस पर युद्ध खत्म करने का दबाव बढ़े।

**रूसी हमलों में तीन लोगों की मौत**

दूसरी ओर, रूस ने भी यूक्रेन पर हमले जारी रखे हैं। पूर्वोत्तरी खारकीव क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान हुए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 25 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने यह जानकारी दी। निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में भी रात के समय कई जिलों पर हमले हुए, जिनमें तीन लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र हांझा ने इसकी पुष्टि की।

**रातभर मार गिराए 146 रूसी ड्रोनः यूक्रेनी वायुसेना**

यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने रातभर में यूक्रेन पर 166 लंबी दूरी के ड्रोन और दो निर्देशित मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इनमें से 146 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रातभर में 140 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। बेलगोरोद क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन के एक अपार्टमेंट इमारत से टकराने के कारण एक महिला की मौत हो गई।

**विटकॉफ और कुशनर से जेलेंस्की ने की बातचीत**

जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मोल्दोवा की राजधानी के हवाई अड्डे पर अमेरिका के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ सकारात्मक बातचीत की। उन्होंने कहा कि बातचीत में युद्ध खत्म करने के तरीकों पर चर्चा हुई।



**यूक्रेनी विदेश मंत्री सिबिहा की एस्टोनियाई समकक्ष से मुलाकात**

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा भी ताल्लिन पहुंचे। वहां उन्होंने एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गुस साहकना से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन की सुरक्षा, रूस पर दबाव बढ़ाने और यूरोपीय संघ में यूक्रेन की सदस्यता की कोशिशों पर चर्चा की। साहकना ने एक्स पर लिखा कि एस्टोनिया यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हमले तेज कर रहे हैं और अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं छोड़ने का कोई संकेत नहीं दे रहे हैं। ऐसे में दबाव बढ़ाना जरूरी है, न कि रियायतें देना। मई में साहकना ने कहा था कि एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल होने के यूक्रेन के प्रयासों का समर्थन करता है और चाहता है कि इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

# मुजफ्फराबाद में दमन कर रही पाकिस्तानी सेना 50 ब्रिटिश सांसदों ने नापाक हरकत पर जताई चिंता

**लंदन।** पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों के दमन की खबरें सामने आई हैं। ब्रिटेन में 50 से अधिक सांसदों ने पीओजेके की स्थिति पर चिंता जताई है। इन सांसदों ने ब्लैकआउट, गिरफ्तारियों और बढ़ते तनाव का उल्लेख करते हुए विदेश मंत्री यवेट कूपर को पत्र लिखा है।




पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कश्मीरी प्रदर्शनकारियों पर दमनात्मक कार्रवाई की है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई रिपोर्ट्स में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की अपुष्ट खबरें भी सामने आई हैं। बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। संवेदनशील हालात पर चिंता जताते हुए 50 से अधिक ब्रिटिश सांसदों ने विदेश मंत्री यवेट कूपर को पत्र लिखा है। ब्रैडफोर्ड ईस्ट के सांसद इमरान हुसैन ने अपने पत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवा से जुड़ी पाबंदियों का जिक्र किया है।

सांसद इमरान हुसैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हम लगातार लॉकडाउन, संचार ब्लैकआउट, गिरफ्तारियों और बढ़ते तनाव की खबरों को लेकर चिंतित हैं।' हुसैन ने कहा कि सरकार को सभी राजनयिक चैनलों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कश्मीरियों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। सांसदों ने कहा कि कई ब्रिटिश कश्मीरी पीओजेके में अपने रिश्तेदारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

**पीओके में प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, कई मौतें:** इस बीच, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की खबर सामने आई है। इस घटना में करीब 11 लोगों की जान चली गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। जम्मू कश्मीर जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पुलिस के अनुसार, जेएएसी के प्रदर्शनकारी एक अस्पताल के शवगृह के बाहर जमा हुए थे। वे पुलिस फायरिंग में मारे गए एक सदस्य के शव के लिए शोक सभा कर रहे थे। पुछ सेक्टर के आयुक्त सरदार वहीद खान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों की गोलीबारी में चार पुलिस अधिकारी और एक राहगीर की मौत हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में छह प्रदर्शनकारी मारे गए।

पुलिस प्रमुख लियाकत मलिक ने बताया कि रविवार की घटना में 23 सुरक्षाकर्मी और 50 प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। 30 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जेएएसी आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती है, जिस पर पाकिस्तान सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। क्षेत्रीय सरकार ने शुक्रवार को जेएएसी को आतंक रोधी कानून के तहत प्रतिबंधित समूह घोषित किया था।

**विरोध और दमनः** जेएएसी ने क्षेत्रीय विधानसभा के लिए 27 जुलाई को होने वाले चुनावों के विरोध में मंगलवार को बंद का आह्वान किया है। विधानसभा की 45 में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जिनका दुरुपयोग होता है।

# दो हफ्ते में ईरान पर 'पूरी जीत' का दावा, ट्रंप बोले- परमाणु समझौते के लिए तैयार है तेहरान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगले दो हफ्तों में अमेरिका ईरान के साथ युद्ध में पूरी जीत हासिल करेगा और परमाणु समझौते पर प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। वहीं, ईरान और इस्राइल ने फिलहाल सैन्य कार्रवाई रोक दी है, जिससे क्षेत्रीय तनाव कुछ कम हुआ है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका अगले दो सप्ताह के भीतर ईरान के साथ चल रहे विवाद में पूरी जीत हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही बड़ा परिणाम सामने आ सकता है। ट्रंप ने यह बयान एक वर्चुअल चुनावी कार्यक्रम के दौरान दिया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और तेहरान अब समझौते के लिए तैयार दिख रहा है। ट्रंप के मुताबिक, ईरान



परमाणु हथियार न बनाने की शर्त सहित अमेरिका की प्रमुख मांगों को स्वीकार करने के लिए तैयार है।

## वे हमें सब कुछ देने को तैयार हैं- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, 'हम अभी बातचीत कर रहे हैं और वे एक बहुत अच्छा समझौता करना चाहते हैं। वे हमें सब कुछ देने को तैयार हैं। वे परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए भी तैयार हैं'।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि आने वाले दो हफ्तों में स्थिति पूरी तरह बदल सकती है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका अपनी पूर्ण जीत की घोषणा करेगा तो इसका असर वैश्विक तेल बाजार पर भी पड़ेगा और तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है।

## ईरान-इस्राइल के बीच फिर बढ़ा था तनाव

ट्रंप यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान और इस्राइल के बीच हाल के दिनों में बढ़ा सैन्य तनाव कुछ कम होता दिखाई दे रहा है। दोनों देशों ने हाल ही में एक-दूसरे पर जवाबी हमले किए थे, जिससे क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि अब दोनों पक्षों ने अपने सैन्य अभियान अस्थायी रूप से रोक दिए हैं।

## ईरान पर इस्राइल ने रोके हमले

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने पुष्टि की कि इस्राइल ने ईरान के खिलाफ अपने हमले रोक दिए हैं। हालांकि उन्होंने औपचारिक युद्धविराम का समर्थन करने की घोषणा नहीं की।

## शांति वार्ता जारी रखने के लिए तैयार है ईरान

इस बीच, ईरान की ओर से भी संकेत मिले हैं कि वह अमेरिका के साथ शांति वार्ता जारी रखने के लिए तैयार है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका ईमानदारी से बातचीत करता है तो तेहरान को वार्ता आगे बढ़ाने में कोई समस्या नहीं है। हालांकि, समझौते की समय-सीमा को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। एक टीवी कार्यक्रम में जब ट्रंप से पूछा गया कि यदि ईरान इतनी मुश्किल स्थिति में है तो उसने अभी तक समझौते पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए, तो उन्होंने जवाब दिया कि ईरानी नेतृत्व मजबूत और गर्वीला है। उनके लिए कुछ शर्तें स्वीकार करना आसान नहीं है और इसलिए प्रक्रिया में समय लग रहा है।

दूसरी ओर, ईरान ने भी इस्राइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इस्राइल की ओर से फिर हमला हुआ तो वह तुरंत जवाबी कार्रवाई शुरू कर देगा।

10 June -26 page 8 09-06-2026 11:00 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के जन्मदिन पर दी गयी शुभकामनायें



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईएएस अधिकारी नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनायें देने वालों का एक सिलसिला रहा। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने उनके जन्मदिन पर उनकी लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई तथा शुभकामनायें दीं। इस दौरान कई पार्षदों के साथ साथ समाज के गणमान्य लोगों और निगम कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को उनके जन्मदिन की शुभकामनायें दीं।

# संभव जनसुनवाई में पहुंचीं 22 शिकायतें
## नगर आयुक्त ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश
### निर्माण विभाग से सबसे अधिक 10 शिकायतें
### जलकल और निर्माण विभाग को विशेष निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में आयोजित संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में निर्माण विभाग से सर्वाधिक 10, उद्यान विभाग से 3, जलकल विभाग से 2, संपत्ति विभाग से 2, अतिक्रमण से संबंधित 2, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग और टैक्स विभाग से एक-एक शिकायत शामिल रही। नगर आयुक्त ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त मामलों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने के डीएम ने दिए निर्देश



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में जिलाधिकारी कविता मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही राजस्व वसूली की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उन विभागों पर विशेष ध्यान दिया जिनकी राजस्व वसूली लक्ष्य के मुकाबले कम रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व संग्रह सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को अपनी कार्ययोजना में सुधार कर वसूली अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महिला आयोग की अध्यक्ष का चल रहा था प्रोग्राम? मंच की व्यवस्था पर हमारी थी नजर श्रीमति और श्रीमान? हमने देखा देने वालों ने दिया हुआ था दीदी भदौरिया और दीदी नागपाल को मंच पर स्थान? मगर जिनके पास दायित्व हैं वो दीदी पूरी राय से मैडम शर्मा की तरह थीं सामने वाली कुर्सी पर विराजमान? हमें अंदर से पता चली है ये बात? इस अनदेखी से इस वक्त हैं दोनों बहुत नाराज? कहने वाले ने कहा अभी तो सुलगी चिंगारी है? कभी भी धधक सकती है आग? आखिर वो इनमें से एक बहन से कराते हैं अपने सात पीढ़ी के रिश्ते होने के एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधानसभा के एक भगवा कमिश्नर ने संगठन के एक पदाधिकारी से कर दी है बात पूरी क्लीयर? कह दिया है मैं तो सिर्फ और सिर्फ विधायक जी के ही कार्यक्रम कराऊंगा डियर? अब तुम इस बात को किस तरह से लो ये तुम्हारा है काम? मगर हमने तो अपना नाम कर दिया है विधायक जी के नाम? भगवा कमिश्नर पदाधिकारी से बोला यूं तुम उनके यहां पर समय खराब कर रहे हो आ जाओ हमारे खेमे में? देखो तुम्हें मिलेगा विधायक जी से भर-भर कर सम्मान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महिला आयोग की अध्यक्ष बढ़ा गईं वेस्टर्न के पूर्व नेता का सम्मान? स्पेशली उन्होंने लगवाया उनके घर पर मुलाकात का प्रोग्राम? नई पीढ़ी के भगवाधारी हो रहे थे हैरान? आखिर इतना वक्त उन्होंने यहां पर क्यों दिया श्रीमान? फिर किसी ने खींचा ऐसे चेहरों का अपनी ओर ध्यान? बोले वेस्टर्न वालों में जब सत्ता नहीं थी? तब उनके बड़े-बड़े कार्यक्रम गाजियाबाद में कराये थे? तब आप कहीं से कहीं तक भी सीन में नहीं थे श्रीमान? देखना ये तो अभी शुरूआत हुई है? अभी तो और भी मिलना है इनको सम्मान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं सुन रहा था भगवागढ़ की महिलाओं की चर्चा बहुत सारी? वहां से आवाज उठ रही थी क्या उदिता दीदी से रनिता दीदी क्या निभा रही हैं पहले जैसी यारी? क्या वो बनेंगी उनकी दुर्गा वाहिनी का पार्ट? क्या वो उनकी टीम को मजबूत करने के लिए देंगी उदिता दीदी का साथ? कहने वाले ने कहा इस बात पर रनिता दीदी को चुप्पी हटानी पड़ेगी? क्योंकि किसी ने एक फिल्म में कहा था कि दोस्ती की है तो निभानी पड़ेगी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आयोग के अध्यक्ष वाली मीटिंग में थे विराजमान? मगर हम बैठे-बैठे हो गये परेशान? जब मुख्य अतिथि को शाम 5.30 बजे आना था तो फिर हमें क्यों भेजा गया 3 बजे उपस्थित होने का पैगाम? हमारे घर के भी होते हैं कुछ काम? हम ये मानते हैं कि हमको पार्टी से मोहब्बत है? मगर किस समय बुलाना चाहिए, इस बात का आयोजकों को भी रखना चाहिए ध्यान? आखिर हम भी अपना घर-बार लेकर बैठे हैं श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अंदर से पता चली है ये बात? भगवा योद्धा आज गर्ग साहब के साथ दूधेश्वरनाथ मंदिर में नहीं कर पायेंगे पूजा और पाठ? सुना है गर्ग साहब इन दिनों अहमदाबाद में हैं मौजूद? 13 जून को ही दिखाई देगा उनका गाजियाबाद में वजूद? कहने वाले ने कहा हम तो इस बात पर हैं हैरान? किसने तैयार किया ये प्रोग्राम? सबको है इस बार में जानकारी? सांसद जी बाहर गये हुए हैं फिर क्यों किया गया ये कार्यक्रम जारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर कोटी मैम्बर्स के ग्रुप पर अक्सर करते हैं अपने विकास कार्यों का बखान? मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही उन्होंने किया श्रीमान? सुना है इस दौरान हिमांशु भैया की चुप्पी दे गई जबाब? उन्होंने कहा हमेशा अपने विकास को बताते रहते हो? कभी साथियों का दुख-दर्द भी पूछ लिया करो साहब? मिस्टर कोटी बोले मैं तो करता हूं ऐसा करके पार्टी का प्रचार? शायद उनके दिल पर लग गई बात और फिर कुछ ही देर में हो गये वो ग्रुप से बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा है नदिया पार की मैडम गर्ग पार्टी के हर कार्यक्रम में लेती हैं रूचि? महिला वाली टीम में उनके पास जिम्मेदारी भी हैं ऊंची? मगर हमने देखा है जब भी होता है उनके मंडल में प्रोग्राम? उनकी वरिष्ठता का नहीं रखते हैं रखने वाले ध्यान? नहीं दिया जाता है उनको मंच पर स्थान? अब ये कोई सामान्य घटना है या इसके पीछे है कोई प्लान? जो भी हो रखने वालों को रखना चाहिए प्रोटोकॉल का ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सूर्य वाले एरिया में मैम्बर गौड़ भी थे मौजूद? वहां पर वो मजबूत कर रहे थे पूर्व वाले भगवा कमिश्नर का वजूद? करा रहे थे मौके पर ही सबको ही एहसास? कि त्यागी जी भले ही पूर्व हो गये हों? मगर हम तो इनको वर्तमान वाला ही मानते हैं साहब? हमारी नजर में हैं ये ही अध्यक्ष? बात को आप अप्रत्यक्ष लो या फिर लो प्रत्यक्ष?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने कार्यक्रम में पहुंच कर कह दिया पानी जितना पुराना होता है, हो जाता है सड़कर कीचड़? हमें उनसे नहीं था इस तरह के शब्दों का एहसास? मगर हम उनको ध्यान दिलाना चाहते हैं, कीचड़ में ही कमल खिलता है साहब? अगर वो स्वस्थ लड़ाई लड़कर देंगे अपनी दावेदारी का संदेश? तभी मजबूत होगा उनका बेस? यूं इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करना अच्छा नहीं देता है कार्यकर्ताओं में संदेश?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# लेफ्टिनेंट दिव्यदीप धीमान का होगा नागरिक अभिनंदन
## 13 जून को निकलेगी भव्य स्वागत रैली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त कर दिव्यदीप धीमान ने गाजियाबाद का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2022 में एसएसबी के माध्यम से चयनित दिव्यदीप ने सफलतापूर्वक सैन्य प्रशिक्षण पूर्ण कर भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की हैं।

उनकी इस उपलब्धि पर गृह नगर गाजियाबाद में उनके सम्मान में भव्य नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत रैली का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद और क्षेत्रवासी शामिल होकर लेफ्टिनेंट दिव्यदीप धीमान का स्वागत करेंगे।

दिव्यदीप धीमान की यह उपलब्धि शहर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मान राष्ट्रसेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना को सलाम करने का अवसर है। उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एम. चुबा आओ ने नमो भारत से की मेरठ यात्रा



**मेरठ, करंट क्राइम।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत आज भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एम. चुबा आओ मेरठ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और पर्यावरण संरक्षण के विजन को धरातल पर उतारते हुए 'नमो भारत' ट्रेन से सफर किया और मेरठ में पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

### यूपीआई से टिकट और 'नमो भारत' का सफर



**करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेव फ्यूल, सेव एनवायरनमेंट' (ईंधन बचाओ, पर्यावरण बचाओ) के आह्वान को आत्मसात करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने न्यू गाजियाबाद से मेरठ के बेगमपुल तक नमो भारत से यात्रा की। डिजिटल इंडिया के सशक्त स्वरूप का अनुभव लेते हुए उन्होंने यूपीआई के माध्यम से अपनी टिकट बुक की। यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए डॉ. एम. चुबा आओ ने कहा, यह अनुभव दर्शाता है कि भारत प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में आधुनिक तकनीक, सुगम परिवहन और डिजिटल भुगतान व्यवस्था के माध्यम से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। नमो भारत जैसी सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था ईंधन की खपत कम कर प्रदूषण नियंत्रण में बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि संसाधनों की बचत के लिए अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### कैंटोनमेंट बोर्ड परिसर में रोपे पौधे

**करंट क्राइम।** मेरठ पहुँचने के बाद डॉ. एम. चुबा आओ ने मेरठ कैंटोनमेंट बोर्ड परिसर में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में शिरकत की। यहाँ उन्होंने कैंटोनमेंट बोर्ड की संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री हर्षिता जी और उनकी पूरी टीम के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस अभियान के तहत परिसर में पर्यावरण संतुलन और शुद्ध हवा देने वाले नीम, पीपल, जामुन और पिलखन के पौधे लगाए गए।

**प्रकृति और मातृत्व के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प :** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण को एक जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, आइए, हम सभी अपनी-अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संरक्षण का संकल्प भी लें। यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनीत शर्मा, समाजसेवी अजय भड़ाना, नितिन शर्मा और पारस जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला एमएमजी चिकित्सालय गाजियाबाद में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे तंबाकू जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आज एमएमजी जिला चिकित्सालय, गाजियाबाद परिसर में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आईपी डेंटल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, विशेष रूप से मुख कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के माध्यम से तंबाकू त्यागने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की डॉ. मोहिनी तथा आईपी डेंटल कॉलेज के जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीतिका के मार्गदर्शन में किया गया। अस्पताल परिसर में उपस्थित मरीजों, तीमारदारों एवं आम नागरिकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि तंबाकू जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाना है।

# ऑटो में सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला से कुंडल ठगे, पुलिस जांच में जुटी
## भाजपा नेता अजय गुप्ता ने उठाया मामला, गोविंदपुरम चौकी में दी गई तहरीर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में ठगी और लूट की घटनाओं के बीच शास्त्री नगर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित ठगी का मामला सामने आया है। महिला के साथ हुई घटना की जानकारी भाजपा नेता एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने साझा करते हुए पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अजय गुप्ता के अनुसार शास्त्री नगर निवासी एक बुजुर्ग महिला, जो घरों में काम करके अपना जीवनयापन करती हैं, शास्त्री नगर चौराहे से एक ऑटो में सवार हुई थीं। आरोप है कि ऑटो में चालक समेत चार युवक मौजूद थे। गोविंदपुरम स्थित महेश्वरी होटल के सामने उतरने के दौरान युवकों ने महिला को झांसे में लेकर उनके कानों के कुंडल उतरवा लिए और फरार हो गए।



### सूचना मिलते ही पुलिस ने जुटाई जानकारी

**करंट क्राइम।** अजय गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने गोविंदपुरम चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार को सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित महिला से घटना की पूरी जानकारी ली। मामले की तहरीर गोविंदपुरम चौकी में दे दी गई है।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**करंट क्राइम।** अजय गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्ती बरत रहा है, इसके बावजूद इस प्रकार की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस जल्द ही गिरोह का पदार्फाश कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी, ताकि पीड़ित महिला को न्याय मिल सके और भविष्य में किसी अन्य व्यक्ति के साथ ऐसी घटना न हो। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने शुरू किया ऑपरेशन अपराजेय, हेल्पलाइन नंबर जारी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में मंगलवार को ह्यऑपरेशन अपराजेयह्ण का शुभारंभ किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान इस विशेष अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र, डीसीपी नोएडा साद मियां खान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। ह्यऑपरेशन अपराजेय के तहत 1645 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर ली गई है और उनके संरक्षण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना लागू की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ऑपरेशन अपराजेय के तहत कमिश्नरेट के प्रत्येक थाने में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से दिव्यांग बच्चों का विवरण, उनके माता-पिता और अभिभावकों का रिकॉर्ड पूर्ण गोपनीयता के साथ तैयार किया जाएगा। संबंधित महिला बीट अधिकारियों की जिम्मेदारियों में इसे शामिल किया गया है। महिला बीट अधिकारी प्रत्येक 15 दिन में बच्चों के अभिभावकों और केयर टेकर से संपर्क कर उनकी स्थिति और आवश्यकताओं की जानकारी लेंगी।

उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर बच्चों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षित अस्पतालों में उचित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बच्चों को उनकी स्थिति के अनुसार डायल-112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की देखभाल करने वाले केयर टेकर का पूरा विवरण और उनके द्वारा देखे जा रहे बच्चों का रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

# निवेश के नाम पर 13 लोगों से 2.23 करोड़ की साइबर ठगी, पुलिस जांच में जुटी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** साइबर अपराधियों ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के 13 लोगों को निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करीब 2 करोड़ 22 लाख 73 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि अधिकांश मामलों में साइबर ठगों ने शेयर मार्केट, ऑनलाइन ट्रेडिंग, गोल्ड ट्रेडिंग और विदेशी मुद्रा में निवेश के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसाया।

वहीं एक मामले में बैंक कर्मचारी बनकर एपीके फाइल डाउनलोड कराकर बैंक खाते से रकम निकाल ली गई। पुलिस के अनुसार रश्मि छिब्बर से 26.18 लाख रुपये, अतुल शर्मा से 11.90 लाख रुपये, जसविंदर सिंह से 17 लाख रुपये, शिवकुमार गुप्ता से 10.85 लाख रुपये, गोविंद अग्रवाल से 12 लाख रुपये, अशोक कुमार कपूर से 11.60 लाख रुपये, सुधीर मेहरोत्रा से 22.62 लाख रुपये, पुष्पलता कुमारी से 15.39 लाख रुपये, सुलभ गांधी से 12 लाख रुपये, उज्ज्वल चौधरी से 12.96 लाख रुपये, पंकज प्रियरंजन से 34.93 लाख रुपये, अक्षय गुप्ता से 18 लाख रुपये तथा राकेश कुमार से 17.30 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि अधिकांश पीड़ितों को अधिक लाभ का लालच देकर फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया और उनसे विभिन्न खातों में रकम जमा करवाई गई।

बाद में न तो निवेश की रकम वापस मिली और न ही वादा किया गया लाभ। डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और साइबर क्राइम थाना पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जांच कर रही है।

# ऑपरेशन दहन : 949 किलो से अधिक मादक पदार्थ नष्ट, कीमत 4.66 करोड़ रुपये

**नोएडा(करंट क्राइम)।** मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने मंगलवार को ₹ऑपरेशन दहन₹ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामलों से संबंधित 949.342 किलोग्राम मादक पदार्थों का विधिवत विनिष्टीकरण कराया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 4 करोड़ 66 लाख 83 हजार 950 रुपये बताई गई है।

पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त नार्कोटिक्स के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। कमिश्नरेट के 22 थानों में दर्ज कुल 1014 एनडीपीएस मामलों से संबंधित मादक पदार्थों का अधिकृत एजेंसी के माध्यम से निस्तारण कराया गया।

# चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।